26- FEB- K&C- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 2/26/2025 11:53 PM Page 1








# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# दिव्य, भव्य सनातनी महाकुंभ में बना रिकार्ड, 66 करोड़ ने लगाई डुबकी

*महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का अंतिम स्नान पर्व बुधवार को 'हर हर महादेव' के उद्घोष के साथ प्रारंभ हुआ। तड़के से ही श्रद्धालुओं का गंगा और संगम में डुबकी लगाई। शाम छह बजे तक 1.44 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान के साथ महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 66 करोड़ पार कर गई। मेला प्रशासन ने स्नानार्थियों पर गुलाब की 120 क्विंटल पंखुड़ियों की वर्षा कराई।*

- 'हर हर महादेव' के उद्घोष के साथ प्रारंभ हुआ स्नान
- गुलाब की 120 क्विंटल पंखुड़ियों की वर्षा कराई
- जय गंगा मैया, हर-हर महादेव और जय श्रीराम की रही गूंज

### देश की लगभग आधी आबादी ने लगाई डुबकी

*दुनिया भर में सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो इसके अनुसार भी लगभग 50 प्रतिशत भारत ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा ली है।*

## महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का आखिरी स्नान, श्रद्धालुओं पर बरसे फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महाकुंभ नगर

खास खबर

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को शाम चार बजे तक 1.32 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इसके साथ महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या बुधवार शाम चार बजे तक 66.09 करोड़ पहुंच गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, महाकुंभ 2025, प्रयागराज में भगवान भोलेनाथ की उपासना को समर्पित महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर आज त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पधारे सभी पूज्य साधु संतों एवं ▶▶| शेष पेज 6 पर

### बड़े रिकॉर्ड

- महाकुंभ में कुल 44 दिन में 66 करोड़ से ज्यादा लोग पहुंचे। यानी हर दिन 1.5 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई।
- महाकुंभ के लिए प्रयागराज से 15 हजार से अधिक ट्रेनें चलीं। इनमें बैठकर करोड़ों लोग महाकुंभ पहुंचे।



### श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा

महाशिवरात्रि पर संगम स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई है। संगम के घाटों पर हर तरफ स्नानार्थी ही नजर रहे थे। सिर पर गठरी और कंधे पर झोला लिए श्रद्धालुओं की भीड़ संगम की ओर बढ़ती रही। रास्ते भर जय गंगा मैया, हर-हर महादेव और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष लगाते लाखों श्रद्धालुओं ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आस्था भक्ति की लहरों के बीच संगम से शहर तक कहीं तिल रखने की जगह नहीं बची।

## इधर, राजिम कुंभ कल्प का भी समापन



## मुख्यमंत्री साय का बड़ा ऐलान छत्तीसगढ़ में 'छावा' टैक्स फ्री

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऐतिहासिक वीर गाथा पर आधारित हिंदी फिल्म 'छावा' को राज्य में टैक्स फ्री घोषित करने की घोषणा की है। उन्होंने राजिम कुंभ के आयोजन उपरांत मीडिया से चर्चा के दौरान यह घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छावा फिल्म को टैक्स फ्री करने का निर्णय छत्तीसगढ़ की जनता को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम एवं शौर्य की भावना जागृत करने के उद्देश्य से लिया* ▶▶| शेष पेज 6 पर

### प्रदेश के खुशहाली की कामना

राजिम कुंभ कल्प 2025 के समापन अवसर पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सबसे पहले भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचे। यहां भगवान के दर्शन, पूजा अर्चना कर प्रदेश सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना। मंदिर दर्शन के बाद सीएम साय महानदी मैया की महाआरती में शामिल होकर विधि विधान के साथ आरती उतारी।

### बालमपुर टीबीसीएल प्लांट के समीप हुई घटना, गुस्साए लोगों ने फूंका कंटेनर

# मंदिर से लौटते वाहन भिड़ा, दुधमुंही समेत एक ही परिवार के पांच की मौत

सरगुजा इलाके में एक ही परिवार से जुड़े पांच लोगों की मौत से महाशिवरात्रि की खुशियां मातम में पसर गई। मृतक बोलेरो वाहन में सवार होकर पत्थलगांव के किलकिला स्थित शिव मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 43 पर तेज रफ्तार कंटेनर ने उन्हें सीधे टक्कर मार दी। इस हादसे में वाहन सवार दो मासूम बच्चों समेत चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल बच्चे की मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेदम/सीतापुर

इस हादसे में पांच अन्य घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से क्षेत्र में मातम पसर गया है जबकि घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने दुर्घटना कारित करने वाले कंटेनर को आग के हवाले कर दिया।

- महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था परिवार

बताया जा रहा है कि बतौली क्षेत्र के सखौली रेवापुर निवासी परिवार के सदस्य बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 ईडी 7078 से पत्थलगांव के किलकिला स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर दर्शन और पूजा पाठ करने गए हुए थे। वाहन में महिलाएं, बच्चे समेत 12 लोग सवार थे। किलकिला स्थित धाम में पूजा अर्चना कर वापस घर लौटने के दौरान दोपहर लगभग 12.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग ▶▶| शेष पेज 6 पर



### भड़का लोगों का आक्रोश कंटेनर को लगाई आग

राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। लोगों ने तेज रफ्तार पर लगाम नहीं लगाए जाने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। घटना 12.30 बजे की है लेकिन पुलिस को मौके पर पहुंचने में 1 बज गया। इस बीच आक्रोशित लोगों ने ▶▶| शेष पेज 6 पर

### इनकी हुई मौत

इस भीषण सड़क दुर्घटना में चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मरने वालों में एक दुधमुही बच्ची समेत पिता, पुत्री समेत अन्य शामिल है। पुलिस के अनुसार घटना में रेवापुर निवासी 50 वर्षीय राजकुमार आ. दलबीर अगरिया, 25 वर्षीया अंजली अगरिया आ. राजकुमार अगरिया, 13 वर्षीय सूरज आ. शिवा अगरिया, 6 माह की बच्ची माही आ. संजय अगरिया शामिल है।

### सीएम ने जताया शोक

*महाशिवरात्रि के दिन सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत की जानकारी मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी दुःख जताया है। सीएम श्री साय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा है कि सरगुजा के सीतापुर थाना क्षेत्र में बोलेरो-कंटेनर के बीच हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु की खबर अत्यंत दुखत है। हादसे में 6 लोगों के आंशिक रूप से घायल होने की भी खबर है सरगुजा जिला प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित इलाज के लिए अस्पताल* ▶▶| शेष पेज 6 पर

## एक ही नाम, एफिलेशन नंबर से खोल सकेंगे स्कूल की दूसरी ब्रांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीएसई ने अपनी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संबद्धता मानदंडों में ढील दी है, जिससे अब ये विद्यालय समान नाम और एक ही संबद्धता संख्या के तहत स्कूल की अन्य शाखा स्थापित कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों ▶▶| शेष पेज 6 पर

**ऐसी शर्तें:** दोनों विद्यालयों को अलग-अलग शिक्षण और गैर-शिक्षण से संबंधित कर्मचारियों की नियुक्तियां करनी होंगी। कर्मचारियों के वेतन भुगतान की जिम्मेदारी भी मुख्य स्कूल पर होगी। वर्तमान में सीबीएसई, शाखा स्कूल स्थापित करने की अनुमति नहीं देता है।


SIKSHA 'O' ANUSANDHAN (DEEMED TO BE UNIVERSITY)

SAAT-2025

Empowering students for a brighter future

EMERGING B.TECH PROGRAMMES IN COMPUTING
- Computer Science and Engineering (AI and ML)
- Computer Science and Engineering (Cyber Security)
- Computer Science and Engineering (Data Science)
- Computer Science and Engineering (Internet of Things)

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes

NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 26th Best in Engineering Category

INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in


### ट्रक से टकराई कार सांसद महुआ घायल

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में तड़के महाकुंभ से लौटने के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद महुआ मांझी की कार सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई जिससे वह घायल हो गईं। मांझी की बाईं कलाई की हड्डी टूट गई और उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में उनकी कार में सवार परिवार के अन्य सदस्यों को भी मामूली चोटें आई हैं। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-75 पर होटवाग गांव के पास देर रात करीब ढाई बजे हुई।

### गोदावरी नदी में डूबने से पांच की मौत

**ताड़ीपुड़ी।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में बुधवार की सुबह नहाने गए 12 लोगों के एक समूह में से पांच लोग गोदावरी नदी में डूब गए। यह हादसा सुबह करीब साढ़े आठ बजे ताड़ीपुड़ी गांव के तल्लापुडी मंडल में हुआ। गोदावरी नदी में नहाने गए 12 लोगों में से पांच डूब गए जबकि सात किसी तरह बचने में सफल रहे। समूह के लोग स्नान के बाद महाशिवरात्रि पर्व पर पास के एक मंदिर जाने वाले थे। मृतकों और जीवित बचे लोगों में अधिकतर की उम्र 20 वर्ष से कम बताई जा रही है।




26- FEB- K&C- MAIN- Pg- 2 DESH-VIDESH_Layout 1 2/26/2025 11:33 PM Page 1






# महाशिवरात्रि पर रहा अलौकिक नजारा, देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने किया पावन स्नान

# संगम पर एक साथ दिखे भारत के विविध रंग

प्रयागराज महाकुंभ 2025 का बुधवार को महाशिवरात्रि स्नान के बाद समापन हो गया। 13 जनवरी से 26 फरवरी के मध्य आयोजित किए गए महाकुंभ ने विश्व भर से करोड़ों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित किया। इसी आखिरी स्नान के बाद महाकुंभ क्षेत्र का एक ड्रोन वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर आप भी भावविभोर हो जाएंगे। ड्रोन वीडियो में महाकुंभ का अद्भुत और अलौकिक नजारा दिखा रहा है। वीडियो में नदी में तैरते नाव दिख रहे और गंगा के किनारों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। चारों तरफ किनारों पर सिर्फ और सिर्फ भीड़ दिखाई दे रही है।



**जुलाई-अगस्त में डूब जाता है कुंभ क्षेत्र का 98 प्रतिशत भाग**

*जुलाई अगस्त में जब गंगा में बाढ़ आती है तो कुंभ का 98 प्रतिशत हिस्सा डूब जाता है। वहीं, बाढ़ खत्म होने के बाद अक्टूबर-नवंबर से फिर माघ मेला की तैयारियां शुरू हो जाएंगी. क्योंकि प्रयागराज में हर वर्ष माघ मेला का भी आयोजन किया जाता है। माघ मेला का आयोजन मकरसंक्रांति से महाशिवरात्रि तक होता है।*

### कुछ दिनों में खाली हो जाएगा महाकुंभ क्षेत्र

*महाकुंभ को देखते हुए इस बार सरकार की तरफ से मेला क्षेत्र को अलग जिला बनाया गया था, जिसमें प्रयागराज के गंगा किनारे के कई गांवों को शामिल किया था। वहीं, अब महाशिवरात्रि के स्नान के बाद पूरा मेला क्षेत्र खाली होना शुरू हो जाएगा। पहले कल्पवासी यहां से अपना-अपना सामान लेकर जाएंगे। इसके बाद टेंट उखड़ना शुरू होगा और धीरे-धीरे मेला क्षेत्र में लगे खंभों, पांटून पुल, बिजली के तार और पानी सप्लाई के लिए लगाई गईं टोटी व पाइप को खोल लिया जाएगा।*

### महाकुंभ खत्म लेकिन बनी रहेंगी सुविधाएं

*महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ महाकुंभ का बुधवार को समापन हुआ लेकिन संगम तथा आसपास के क्षेत्रों में सुविधाएं बहाल रहेंगी। अभी आगे भी बड़ी संख्या में स्नानार्थियों के आने के आसार हैं। इस संभावना को देखते हुए जरूरी सुविधाएं रखने का निर्णय लिया गया है। संगम स्नान के लिए अब वर्ष पर्यंत श्रद्धालु आने लगे हैं। इसे देखते हुए बाढ़ के दिनों को छोड़कर अन्य समय में संगम क्षेत्र में बिजली, शौचालय आदि सुविधाएं बहाल रखी जाती रही हैं।*

# गिनीज बुक में दर्ज होंगे महाकुंभ के रिकॉर्ड!

प्रयागराज में इस साल हुए महाकुंभ में कई रिकॉर्ड बने हैं। बीते 44 दिनों में 65 करोड़ से ज्यादा भक्तों ने महाकुंभनगरी पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई है। अगर संख्या के लिहाज से बात करें तो यह भारत की कुल आबादी का 50 फीसदी से ज्यादा है। यानी आधे से ज्यादा भारत इस बार महाकुंभ में डुबकी लगा चुका है। इतना ही नहीं इस महाकुंभ में इस बार और भी कई रिकॉर्ड बने हैं जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह बना सकते हैं, आइये जानते हैं..

### स्वच्छता से जुड़े दो बड़े रिकॉर्ड

- 24 फरवरी के दिन करीब 15 हजार स्वच्छता कर्मियों ने 10 किलोमीटर क्षेत्र में एक साथ सफाई का रिकॉर्ड बनाया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इसे लेकर 28 फरवरी को फैसला दे सकता है।
- 14 फरवरी को नदी स्वच्छता का रिकॉर्ड बना गया था। उस दिन 300 कर्मचारियों ने नदी की सफाई का रिकॉर्ड बनाया था। गिनीज बुक ने इसे रिकॉर्ड में शामिल किया है। इससे पहले 2019 के अर्धकुंभ में 10 हजार सफाई कर्मचारियों ने संगम तथा अन्य स्थानों पर एक साथ स्वच्छता अभियान चलाने का रिकॉर्ड बनाया था।

### हैंड प्रिंटिंग पेंटिंग का कीर्तिमान



**महाकुंभ के लिए प्रयागराज से रिकॉर्ड 15 हजार से अधिक ट्रेनें चलीं**

मेले में मंगलवार को हैंड प्रिंटिंग पेंटिंग का भी कीर्तिमान बना। 10,109 हजार लोगों ने महज आठ घंटे में अपने पंजे का छापा लगाकर महाकुंभ के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। मेला प्रशासन ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा जो कुंभ 2019 में बनाया गया था। 2019 में साढ़े सात हजार लोगों के हैंड प्रिंट लेने का रिकॉर्ड बना था, जो महाकुंभ 2025 में टूट गया। हैंड प्रिंटिंग पेंटिंग का नया कीर्तिमान बनाने के लिए गंगा पंडाल में कैनवास लगाया था। इसके लिए सुबह 10 से शाम छह बजे तक का समय निर्धारित किया गया था, जिसे लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखा।

**बसों के सबसे बड़े संचालन का रिकॉर्ड**

महाकुंभ मेला के आखिरी दिन 700 शटल बसों के एक साथ संचालन का भी विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। यहां बसों की परेड कराई जाएगी। मेला प्रशासन इसके माध्यम से अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा। कुंभ 2019 में 500 बसों के संचालन का रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह एक दिन में सर्वाधिक बसों का संचालन कर नया रिकॉर्ड बनाए जाने की तैयारी है।

### एक दिन में सबसे बड़े जुटाव का रिकॉर्ड

प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर करीब 7.6 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई। जो कि एक दिन में किसी एक जगह पर लोगों के जुटाव का रिकॉर्ड है। दरअसल, प्रयागराज की आबादी करीब 1 करोड़ है। यानी मौनी अमावस्या के दिन जिले में करीब 8.6 करोड़ लोग पहुंचे थे। जर्मनी जिसकी आबादी 8 करोड़ से ज्यादा है, मौनी अमावास्या के दिन उसकी आबादी भी प्रयागराज पहुंची भीड़ से कम रही। इसके अलावा यूरोप के सभी देशों की आबादी मौनी अमावस्या के शाही स्नान के लिए जुटी भीड़ से कम थी। जहां ब्रिटेन की आबादी 6 करोड़ 91 लाख है, तो वहीं फ्रांस की जनसंख्या 6.65 करोड़ ही है। इतना ही नहीं अमेरिका के 54 देशों में से सिर्फ तीन देशों की आबादी ही मौनी अमावस्या पर प्रयागराज से ज्यादा रही। इनमें अमेरिका, ब्राजील और मैक्सिको शामिल हैं। जबकि कोलंबिया, अर्जेंटीना, कनाडा से लेकर उरुग्वे तक महाकुंभ में प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर लोगों की मौजूदगी से कम रहे।



# राजिम कुंभ में केंद्रीय मंत्री तोखन ने किया शाही स्नान, कुलेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

**बिलासपुर।** केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने आज राजिम कुंभ में भाग लेते हुए आस्था की डुबकी लगाई और साधु-संतों के साथ शाही स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्राचीन कुलेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर देश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

मंत्री तोखन साहू ने इस पावन अवसर पर संत समाज के आशीर्वाद प्राप्त किए और कहा कि राजिम कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में अध्यात्मिकता और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं।

राजिम कुंभ की महत्ता को रेखांकित करते हुए मंत्री श्री साहू ने कहा कि राजिम कुंभ, जिसे श्रद्धालु 'छत्तीसगढ़ का प्रयाग' कहते हैं, पैरी, सोढुल और महानदी के पवित्र संगम पर आयोजित होता है और भक्ति, श्रद्धा तथा अध्यात्म का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। जहां कुलेश्वर महादेव एवं प्रभु राजीव लोचन के आशीर्वाद भक्तों को मिलती हैं। राजिम कुंभ स्नान में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, महासमुंद के पुर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

**ऑनलाइन बुकिंग ज्यादा**

# महाकुंभ का असर... होटल और क्रूज की बुकिंग 12 मार्च तक फुल



महाकुंभ के चलते होटलों और क्रूज की बुकिंग 12 मार्च तक फुल हो गई है। सर्वाधिक बुकिंग महानगरों और कॉरपोरेट घरानों के अलावा महिला ग्रुप ने कराई है। इसमें ज्यादातर बुकिंग ऑनलाइन हुई हैं। पर्यटकों की बुकिंग से काशी के पर्यटन व्यवसाय में तेजी आई है। मुंहमांगी कीमत के बावजूद भी बुकिंग नहीं हो पा रही है। गंगा किनारे होटलों में कमरे नहीं मिल रहे हैं। साथ ही काशी आकर गंगा में नौका विहार करने के लिए नाव और बजड़े बुक करने में भी लोगों को बेहद मुश्किल हो रही है। घाट किनारे के सभी होटल भी 20 मार्च तक फुल हैं। शंभु मांझी ने बताया कि महानगरों के व्यवसायियों के अलावा दक्षिण भारतीय पर्यटक भी यहां समूह में बुकिंग करा रहे हैं। बुकिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से हो रही है। वाराणसी में पंजीकृत नावें 1500 के करीब हैं जबकि यहां 3000 के करीब नावों का संचालन हो रहा है। संजीव साहनी ने बताया कि 35 से 50 व्यक्तियों के समूह को सर्वाधिक बुकिंग मिल रही है। होटल मार्केटिंग से संबंधित अधिकारी ने बताया कि होली के आसपास छोड़ दें तो इसके एक सप्ताह बाद तक होटलों की बुकिंग फुल है। टूरिस्ट प्रबंधक अनिल त्रिपाठी ने बताया कि महाकुंभ के चलते सभी होटल फुल हैं।

**विदेशी श्रद्धालुओं ने महाकुंभ को बताया अद्भुत और अविस्मरणीय पल**

# 'यहां आकर हमें बहुत खुशी और शांति मिली'



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लंदन, ब्राजील, मैक्सिको और अमेरिका समेत दुनिया के कई अन्य देशों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान किया और भारतीय संस्कृति की गहराई को करीब से महसूस किया। इन विदेशी श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का अविस्मरणीय पल बताया।

### यह जीवन में एक बार का अवसर

लंदन से आईं एक श्रद्धालु ने भावुक होकर कहा कि यहां आकर मुझे बहुत खुशी और शांति मिली। भीड़ का माहौल अनुभव करने लायक है, यह अद्भुत है। आज हर कोई उत्सव मना रहा है, यह मेरे पिछले दिनों से भी ज्यादा खास लग रहा है। मैंने इसे जीवन में एक बार मिलने वाला मौका समझा और अपनी सारी योजनाएं रद कर यहां आ गई। यह मेरे लिए इतना महत्वपूर्ण था। उन्होंने आगे कहा कि यहां के लोग बहुत स्वागत करने वाले और दोस्ताना हैं। मैं भारतीय संस्कृति और रोजमर्रा की होने वाली पूजा-अर्चना के महत्व के बारे में बहुत कुछ सीख रही हूं।

# महाकुंभ में बैंकों ने किया 37 करोड़ रुपये का कारोबार




**एसबीआई में जमा हुई सबसे ज्यादा नकदी**

श्रद्धालुओं को बैंकिंग सहुलियत मुहैया कराने के लिए कुंभनगरी में 16 बैंकों ने शाखाएं खोलीं। यहां पर बैंकों ने करीब 37 करोड़ रुपये का कारोबार किया। नकदी जमा करने में सबसे आगे एसबीआई रहा।

बैंक अफसरों का कहना है शाखाओं में पैसा जमा करने वाले सर्वाधिक रहे जबकि पैसा निकालने वाले काफी कम रहे। इस दौरान नए बैंक खाते भी खोले गए। कुंभनगरी के भीतर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडियन बैंक समेत सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के कुल 16 बैंकों ने 40 से अधिक शाखाएं खोली। त्रिवेणी रोड समेत बैंक की शाखाएं मेले के भीतरी सेक्टरों में भी खोली गईं। इनके जरिये श्रद्धालुओं को नकदी जमा, निकासी समेत अन्य बैंकिंग सुविधा दी गई थी। काई जगह एटीएम बूथ भी लगाए गए।

चतुर्थ पुण्यतिथि



जन्म
07.10.1937

निधन
27.02.2021

स्व. श्री ताराचंद जी अग्रवाल
(वरिष्ठ अधिवक्ता)

सात्विक, धार्मिक, सामाजिक, सादा जीवन-उच्च विचार,
शांत स्वभाव, सत्य व न्याय प्रिय, संस्कार के अविरल स्रोत,
वकालत में विशिष्ठ पहचान, अनंत ऊर्जावान, कर्मठ...
''बाबूजी'' के ऐसे व्यक्तित्व को हमारा
शत्-शत् प्रणाम...

REAL GROUP

श्रद्धानवत्-
राजेश, उमेश, रमेश अग्रवाल (पुत्र)
सौरभ, गौरव, शशांक अग्रवाल (पौत्र)
एवं समस्त भूषाणिया परिवार

निवास- ''हरि विला'', सिविल लाइन्स, रायपुर

MAHESHWARI

बिलासपुर
गुरुवार, 27 फरवरी 2025
फाल्गुन कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष : 24, अंक : 335
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 34.0
न्यून. 19.1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 51 साल की उम्र में भी नहीं बदला...

विचार पेज
2 आयकर व्यवस्था में सुधार की पहल

# छत्तीसगढ़ बन रहा रोड एक्सीडेंट का ब्लैक स्पॉट, पांच साल में 33 हजार से ज्यादा की अकाल मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

जिस जगह पर एक के बाद एक लगातार चार पांच रोड एक्सीडेंट होते हैं, उन जगहों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया जाता है। ब्लैक स्पॉट को हादसों की जगह के रूप में देखा जाता है, लेकिन राज्य में जिस तरह आए दिन रोड एक्सीडेंट हो रहे हैं, उसे देखते हुए लगता है कि पूरा छत्तीसगढ़ ही ब्लैक स्पॉट बन गया है। यह बात इसलिए कि राज्य में पिछले पांच साल के दौरान 79 हजार 523 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इन हादसों में 33 हजार 734 लोगों की जानें गई हैं। इन दुर्घटनाओं में घायल होने वालों की संख्या 70 हजार 255 रही है।

## छत्तीसगढ़ में हैं 848 ब्लैक स्पॉट

छत्तीसगढ़ में 848 स्थानों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इन्हे सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। यातायात के जानकार अधिकारियों का कहना है कि किसी भी सड़क पर ब्लैक स्पॉट बनते रहते हैं, उनमें सुधार किया जाता है। फिर नए स्थान पर ब्लैक स्पॉट बन जाते हैं। दरअसल होता ये है कि किसी भी सड़क के आसपास जब वहां की स्थिति बदलती है तो वहां ब्लैक स्पॉट बन जाता है। पुलिस मुख्यालय की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017 से लेकर 2018, और 2019 में हुई सड़क दुर्घटनाओं के आधार पर वर्ष 2020 में चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट की संख्या 130 थी। इनमें सबसे अधिक 95 राष्ट्रीय राजमार्ग में 22 राजकीय राजमार्ग में और अन्य मार्गों में 13 सहित कुल 130 ब्लैक स्पॉट थे।

## रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, राजनांदगांव और रायगढ़ हादसों का शहर




■ नेशनल हाईवे पर सबसे अधिक बनते हैं ब्लैक स्पॉट, सुधार भी जारी

### यह होता है ब्लैक स्पॉट

सड़क पर जिस जगह बार-बार हादसे होते हैं, उन्हें ब्लैक स्पॉट कहा जाता है। सरकार की ओर से किसी सड़क, हाईवे, एक्सप्रेस वे पर अगर एक ही जगह तीन साल में पांच सड़क हादसे हो जाएं। इसके अलावा किसी जगह पर तीन साल में दस मौत हो जाए, तो उसे ब्लैक स्पॉट घोषित कर दिया जाता है। हादसे के आसपास का 500 मीटर का एरिया ब्लैक स्पॉट माना जाता है। अब सवाल ये है कि ब्लैक स्पॉट बनता कैसे है। जिस जगह पर सीधी सड़क में एक शॉर्प गिरावट आए। ऐसी जगह पर जहां दूसरी ओर से आने वाला ट्रैफिक नजर ना आए, शॉर्प रोड पर छिपा हुआ जंक्शन हो। ऐसी जगहों पर हादसा होने का खतरा होता है।

## रायपुर में 25 ब्लैक स्पॉट

पिछले साल जनवरी से लेकर नवंबर के बीच की गई जांच में रायपुर में 25 ब्लैक स्पॉट चिन्हित कए हए थे। इन 11 महीनों के ट्रैफिक डिपार्टमेंट के आंकड़ों को देखें तो सड़क हादसों का बड़ा आंकड़ा हमारे सामने आता है। बीते 11 महीनों के डेटा ये बताते हैं कि इन 11 महीनों में कुल 1894 एक्सीडेंट हुए. इन सड़क हादसों में 524 लोगों की जान गई। 1894 एक्सीडेंट के केसों में 1385 लोग घायल हुए। यातायात विभाग के जानकारों के अनुसार सड़क हादसों के पीछे कई तरह के कारण होते हैं। सड़क हादसों के पीछे मुख्य कारण यातायात नियमों के प्रति लापरवाही बरतना. जल्दीबाजी के चक्कर में ओवर टेक करना. तेज रफ्तार में गाड़ी चलाना शामिल है। नशे में होने के बावजूद गाड़ी ड्राइव करना भी हादसों में शामिल एक बड़ी वजह है। तेज रफ्तार में गाड़ी चलाना भी अक्सर हादसों का सबब बनता है। रायपुर में कुल 25 ऐसे ब्लैक स्पॉट हैं जहां ऐसे हादसे ▶▶| शेष पेज 6 पर

## सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका का केंद्र सरकार ने किया विरोध

# आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए गए नेताओं पर ताउम्र प्रतिबंध सही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में केंद्र ने कहा कि याचिका में जो अनुरोध किया गया है। वह विधान को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय की शक्तियों से पूरी तरह से परे है। हलफनामे में कहा गया है, यह सवाल कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसमें कहा गया है कि दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। केंद्र ने कहा कि यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। हलफनामे ▶▶| शेष पेज 6 पर

*केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए गए नेताओं पर ताउम्र चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाना सही नहीं होगा। केंद्र ने कहा कि मौजूदा छह साल का प्रतिबंध ही काफी है। याचिका का विरोध करते हुए केंद्र ने कहा है कि इस तरह की अयोग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।*

### केंद्र सरकार ने क्या दलीलें दीं

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया है। इस हलफनामे में सरकार ने कहा है कि दोषी सांसदों-विधायकों की अयोग्यता की अवधि 6 साल तक सीमित रखने का प्रावधान 'आनुपातिकता और तर्कसंगतता' के सिद्धांतों पर आधारित है। सरकार का तर्क है कि संसद को सजा की अवधि तय करने का विशेषाधिकार है। कानून मंत्रालय की ओर से मंगलवार को दायर हलफनामे में कहा गया, 'विवादित धाराओं के तहत अयोग्यता संसदीय नीति के अनुसार समयबद्ध है।

खास बातें
- केंद्र ने कहा, यह केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में
- ऐसी याचिका कानून बनाने का निर्देश देने के समान



### क्या है याचिकाकर्ता की मांग?

यह हलफनामा अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका के जवाब में दायर किया गया है। उपाध्याय ने अपनी याचिका में जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। याचिका में दोषी सांसदों-विधायकों पर चुनाव लड़ने के लिए आजीवन प्रतिबंध की मांग की गई है। हलफनामे में कहा गया है, याचिकाकर्ता जो राहत चाहता है, वह जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8 के सभी उप-धाराओं में '6 साल' के बजाय 'आजीवन' पढ़ने की मांग करता है।

### धारा 8 और 9 में क्या प्रावधान?

धारा 8 के तहत, दोषी सांसद-विधायक अपनी सजा पूरी करने के बाद 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकते। यह कई अपराधों पर लागू होता है, जिनमें दो या दो साल से अधिक की सजा शामिल है। धारा 9 के तहत, भ्रष्टाचार या राज्य के प्रति निष्ठाहीनता के लिए सरकारी सेवा से बर्खास्त किए गए व्यक्ति बर्खास्तगी की तारीख से 5 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकते।

### केंद्र ने दिया इन मामलों का हवाला

केंद्र के हलफनामे में कहा गया है कि न्यायपालिका के पास असंवैधानिक कानून को रद्द करने की शक्ति है। लेकिन अदालतें संसद को किसी विशेष तरीके से कानून बनाने या संशोधित करने का निर्देश नहीं दे सकतीं। हलफनामे में मद्रास बार असोसिएशन बनाम भारत संघ (2021) में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया गया है। इस फैसले में कहा गया था कि 'अदालतें विधायिका को किसी विशेष तरीके से कानून बनाने या लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं।' केंद्र ने हिमाचल प्रदेश बनाम सतपाल सैनी (2017) के फैसले का भी हवाला दिया। इसमें कहा गया था कि नीति निर्माण कार्यपालिका और विधायिका का क्षेत्र है, और अदालतें नीतिगत निर्णयों में तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं जब तक कि वे संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन न करें।

*दो दिन पूर्व भी पकड़ी थी डेढ़ करोड़ रुपए की शराब*

# तीन दिन में पकड़ी गई तीन करोड़ की शराब

एजेंसी ▶▶| जशपुरनगर

जशपुर पुलिस ने जिला अनूपपुर (मध्य प्रदेश) से अंग्रेजी शराब से भरे ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में डेढ़ करोड़ की शराब भरी हुई थी। आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में लेकर जशपुर लाया गया है। जानकारी के अनुसार दो दिवस पूर्व जशपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक 12 चक्का का अशोका निलेंड ट्रक जिसमे पंजाब राज्य से अवैध शराब लोड कर झारखंड, बिहार राज्य की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने शराब से भरे ट्रक को लोरो घाट के नीचे सरदार ढाबा के पास पकड़ा था, जिसकी तलाशी के दौरान ट्रक में पुट्टी सीमेंट की बोरी से छिपाकर रखी 790 कार्टून, कुल 7015 लीटर पंजाब राज्य के अवैध अंग्रेजी ▶▶| शेष पेज 6 पर



### दूसरी बार बड़ी कार्रवाई

जशपुर पुलिस ने दो दिनों में अंतर राज्यीय शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामले से जुड़े 30 लाख रुपए के दो ट्रक सहित अवैध अंग्रेजी शराब से भरी 1574 पेटी में तीन करोड़ रूपए की 14027 लीटर पंजाब राज्य की अवैध अंग्रेजी शराब को जब्त किया। साथ ही दोनों आरोपी ट्रक चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पुलिस टीम होगी पुरस्कृत

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि विवेचना के दौरान आने वाले तथ्यों के आधार पर पुलिस इस गिरोह के सरगना तक पहुंचने की कोशिश करेगी। इस कार्रवाई में लगी पुलिस टीम को नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा।






# जंगल में नक्सलियों की आंखें जांचने वाली मशीन मिली

## कई मेडिकल उपकरण भी जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के मीनागट्टा के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सर्चिंग पर निकली संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में नक्सलियों द्वारा डंप किए गए मेडिकल उपकरण बरामद किए हैं। पहली बार नक्सलियों के सामान में आखों की जांच करने की आधुनिक मशीन व अन्य सामान मिले हैं। जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले के चिंतलनार ▶▶| शेष पेज 6 पर

### नक्सलियों की टीम में हो सकते हैं चिकित्सा विशेषज्ञ

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि 203 वाहिनी कोबरा, 241 वाहिनी सीआरपीएफ व जिला बल की संयुक्त टीम 25 फरवरी को नवीन कैंम्प गोमगुड़ा क्षेत्र के जंगल की ओर रवाना हुए थे। गश्त के दौरान मंगलवार शाम मीनागट्टा के जंगल क्षेत्र में अज्ञात नक्सलियों के द्वारा छुपाकर रखे भारी मात्रा में डंप मेडिकल उपकरण मशीन, कटर मशीन बरामद की गई।

# सेना के वाहन पर आतंकवादियों ने बरसाई गोलियां

एजेंसी ▶▶| राजौरी/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास स्थित एक गांव में बुधवार को संदिग्ध आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि हालांकि सुंदरबनी सेक्टर के फाल गांव के पास हुई इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ।




माना जा रहा है कि जंगल में छिपे आतंकवादियों ने इलाके से गुजर रहे सेना के वाहन पर कुछ गोलियां चलाईं।

### संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं

अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, सेना के जवानों ने मंगलवार - बुधवार की दरम्यानी रात जम्मू के अखनूर सेक्टर के कीरी बट्टल इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद गोली चलाई। उन्होंने बताया कि आज सुबह बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया, जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी था।

# हारे हुए को थमा दिया जीत का प्रमाण पत्र

## मतगणना में गड़बड़ी की शिकायत तहसीलदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुंठपुर/जनकपुर

खास खबर

एमसीबी जिले के भरतपुर तहसील अंतर्गत बीते दिनों संपन्न हुए त्रिस्तरीय चुनाव में जीते हुए प्रत्याशी की जगह हारे हुए सरपंच प्रत्याशी के नाम जीत का प्रमाण पत्र दे दिया गया। इसकी खबर जब जीते हुए प्रत्याशी को मिली तो मामला गरमा गया और इस लापरवाही को लेकर तहसीलदार भरतपुर को ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सर्वाधिक मत पाकर भी प्रमाण पत्र दूसरे को मिला

ग्राम पंचायत ओहनिया में संपन्न हुए पंचायत चुनाव में मतदान पश्चात मतदान केन्द्र में ही मतगणना की गई। इसमें सरपंच प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह गणना में सर्वाधिक मत प्राप्त किए, इसके संबंध में उन्हें गणना पत्रक भी दिया गया ,जबकि सरपंच ▶▶| शेष पेज 6 पर




26- FEB- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADIK_Layout 1 2/26/2025 9:44 PM Page 1



## चिंतन

# सनातन व सामाजिक एकता का जनोत्सव बना महाकुंभ

महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान के साथ महाकुंभ का समापन हो गया। इस बार करीब 66 करोड़ लोगों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया, जनोत्सव का विश्व रिकार्ड बना। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को सफल बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। टेंट में आग लगने की घटना और भगदड़ के दौरान श्रद्धालुओं की मौत के चलते सरकार के इंतजाम पर जरूर सवाल उठे, लेकिन समग्रता में महाकुंभ का आयोजन सफल माना जा सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार के मेला प्रशासन अगर सजग रहते तो भगदड़ जैसी घटना नहीं होती। समस्त हिंदू आबादी के आधे लोगों का एक माह के दौरान संगम में जाकर स्नान करना सनातन जागृति का बड़ा सबूत है। देश व विदेश के करोड़ों सनातनी श्रद्धालु प्रयाग के संगम तट पर पहुंचे, इनमें आमजन से लेकर फिल्मी सितारे, उद्योगपति, राजनेता सभी शामिल रहे। हिंदू पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन में भगवान शिव ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समुद्र मंथन से अमृत कलश निकला और इसकी बूंदें जहां-जहां गिरीं, वहां-वहां कुंभ मेले का आयोजन होता है। महाकुंभ मेले के छह स्नान पर्वों में तीन स्नान पर्व अमृत स्नान के थे और ये 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर संपन्न हुए। सभी 13 अखाड़े अमृत स्नान करके मेले से विदा हो चुके थे। महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा अनूठा सांस्कृतिक आयोजन बना। महाकुंभ संस्कृति, आस्था, सामाजिक समरसता और आर्थिकी सबका संगम साबित हुआ। भारतीय समाज विभिन्न स्तर पर विभाजित है, धर्म, जाति, भाषा व क्षेत्र आदि। महाकुंभ के दौरान जाति, क्षेत्र, भाषा आदि सभी दीवार टूटती दिखी, सभी ने सनातन की छतरी के नीचे संगम में आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ में भारतीय संस्कृति की ताकत दिखी, सनातन का प्रभाव और आस्था के जागरण का उत्सव दिखा। सभी वर्ग के लोगों में कुंभ स्नान के लिए जाने की ललक सांस्कृतिक एकता व जागरण को दर्शाती है। महाकुंभ उत्तर प्रदेश सरकार के लिए आर्थिक उपलब्धि के तौर पर भी साबित हुआ। यूपी सरकार ने महाकुंभ के आयोजन में करीब 7500 करोड़ रुपये खर्च किए थे, लेकिन एक माह में करीब 3 लाख करोड़ रुपये लोगों ने खर्च किए, जिससे सरकार को बड़ा राजस्व भी मिला, प्रयागराज समेत स्थानीय लोगों का व्यापार बढ़ा। रेलवे, बस व विमानन क्षेत्र की आमदनी बढ़ी। केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। उज्जैन में महाकाल कोरिडोर, काशी में बाबा विश्वनाथ कोरिडोर, नेपाल के लुंबिनी से बिहार के गया तक भगवान बुद्ध गलियारा समेत देश में अनेक मंदिरों के आसपास बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाया है। देश में कनेक्टिविटी बढ़ाई गई है। संगम तट पर महाकुंभ की सफलता से उत्साहित महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में वर्ष 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। भारतीय अर्थव्यवस्था में महाकुंभ जैसे आयोजन बड़ा योगदान दे रहे हैं। इससे सामाजिक दीवारें भी टूट रही हैं। आजादी के करीब सात दशक बाद भारत ने अपनी सनातन संस्कृति की शक्ति को पहचाना है और सरकार के स्तर पर इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण व सनातन के उदगार का ही नजारा है। कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम कहा था, लेकिन महाकुंभ व हज जैसे आस्था के उत्सव सामूहिक सांस्कृतिक जागृति, सामाजिक एकता और मानवता-करुणा के संदेश को आगे बढ़ाते हैं।



मोटापा
शिशिर शुक्ला

# स्वास्थ्य को लेकर पीएम मोदी की अहम पहल

आज मोटापे की समस्या दिन-ब-दिन मानव स्वास्थ्य के लिए एक गंभीरतम रूप लेती जा रही है। एक सीमा से अधिक मोटापा हर हालत में जानलेवा बीमारियों का कारण बनता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक जागरुकता अभियान चलाया है। खास बात यह है कि इस अभियान में सहायता हेतु उन्होंने देश की जानी-मानी हस्तियों को नामित किया है। प्रधानमंत्री ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रत्येक देशवासी से अपने भोजन में तेल की खपत को दस फ़ीसदी तक कम करने का अनुरोध किया है। निश्चित रूप से किसी देश के मुखिया के द्वारा ऐसा कदम उठाया जाना एवं अपनी जनता से स्वास्थ्य संबंधी एक महत्वपूर्ण अपील किया जाना उनकी बुद्धिमत्तापूर्ण दूरदर्शिता का परिचायक है। गौरतलब है कि मोटापे की समस्या के पीछे उत्तरदायी कारकों में जो सबसे महत्वपूर्ण कारक है, वह है–अनियमित जीवन शैली एवं अनियंत्रित खान-पान। ये दोनों कारक आज के युवा एवं किशोरवर्ग के संदर्भ में कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं क्योंकि वे न तो किसी नियमित दिनचर्या का पालन कर रहे हैं एवं न ही कोई व्यवस्थित खानपान उनकी जीवन शैली का हिस्सा बन पा रहा है। एक रिपोर्ट बताती है कि कोल्ड ड्रिंक पीने एवं बर्गर व पिज़्ज़ा जैसे फास्ट फूड खाने की लत युवाओं को समय से पहले बूढ़ा कर रही है। नतीजा यह हो रहा है कि समय से पहले युवा मोटापे की चपेट में आकर अनेक बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन में बताया गया है कि ऐसे युवा जो नियमित रूप से चिप्स, बिस्किट, पिज़्ज़ा, कोल्ड ड्रिंक, बर्गर जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं उनके बीमार होने एवं सुस्त रहने की संभावना कहीं ज्यादा होती है। इटली के इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूरोलॉजिको के वैज्ञानिकों ने 22495 वयस्कों पर किए गए शोध के अनुसार निष्कर्ष निकाला है कि डिब्बाबंद खाना खाने से बुढ़ापा जल्दी आ सकता है। इसके साथ ही फास्ट फूड एवं डिब्बा बंद भोजन का सेवन करने से मोटापे की समस्या अनियंत्रित रूप से बढ़ती जाती है जो भविष्य में मधुमेह एवं कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों को भी खींच लाती है। एक बहुत पुरानी कहावत है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। मोटापा एक ऐसी समस्या है जो शरीर को उत्तम स्वास्थ्य से दूर करने का एक महत्वपूर्ण कारण बन जाता है। किसी देश के विकास के लिए यह परम आवश्यक है कि वहां का युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णरूपेण सशक्त हो। मोटापे की समस्या कहीं न कहीं युवाओं के अंदर कार्य के प्रति लगन एवं उत्साह को भी क्षीण करने का कार्य करती है। नतीजा यह होता है कि वह स्वयं के विकास, परिवार के विकास, समाज की प्रगति एवं राष्ट्र की उन्नति में वह भूमिका नहीं निभा पाता जोकि उससे अपेक्षित होती है। एक रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2022 में भारत में लगभग सात करोड़ लोग मोटापे से ग्रस्त थे जिनमें 4.4 करोड़ महिलाएं एवं 2.6 करोड़ पुरुष थे। इससे भी ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि इतनी बड़ी संख्या में 50 लाख से अधिक बालिकाएं एवं 70 लाख से अधिक बालक शामिल थे जिनकी आयु 19 वर्ष से कम थी।

आईसीएमआर की एक अन्य रिपोर्ट यह कहती है कि वर्तमान में भारत में बारह करोड़ से भी ज्यादा लोग ऐसे हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल एवं सांस फूलने जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। सुस्पष्ट है कि ये सभी बीमारियां मोटापे की वजह से ही उत्पन्न होती हैं। आज के युवाओं की जीवनशैली से शारीरिक श्रम तो बिल्कुल गायब सा होता जा रहा है। उनका अधिकांश समय मोबाइल फोन, कंप्यूटर अथवा लैपटॉप पर कार्य करते हुए बीत जाता है। ऑफिस से घर एवं घर से ऑफिस वाली दिनचर्या उन्हें शारीरिक व्यायाम से कोसों दूर लेती जा रही है। निस्संदेह भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने वाली मोटापे की समस्या की चिंता करते हुए उठाया गया कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ ही भारत के प्रत्येक नागरिक को भी यह समझना होगा कि इस अभियान को सफल बनाना प्रत्येक व्यक्ति की निजी जिम्मेदारी है। जब तक हम स्वयं समस्या की गंभीरता एवं इसके प्रभावों के विषय में जागरूक नहीं होंगे, तब तक हम समाज एवं राष्ट्र के प्रति इस समस्या के संदर्भ में कोई योगदान नहीं कर सकते। यह एक कड़वा सच है कि समस्या का पूर्णरूपेण उन्मूलन तभी संभव है जब समाज का हर तबका एवं देश का हर नागरिक इस समस्या की जड़ तक जाते हुए इससे मुक्त होने का भरसक प्रयास करे।

(लेखक विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एसएसपीजी कॉलेज, शाहजहांपुर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आयकर व्यवस्था में सुधार की पहल



विधेयक
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा। कहा गया है कि नया आयकर कानून एक ऐसा ऐतिहासिक कर सुधार है, जो वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए भी दिखाई देगा। वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन देश में एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी।**

यकीनन लोकसभा में प्रस्तुत नया आयकर विधेयक आयकर व्यवस्था में सुधार, करदाताओं को राहत और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने के लिए एक बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने पिछले वर्ष जुलाई 2024 के बजट भाषण में कहा था कि मौजूदा आयकर कानून की कई धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। इसके तहत कानूनी जटिलताएं कर अनुपालन में मुश्किलें और मुकदमेबाजी में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा। कहा गया है कि नया आयकर कानून एक ऐसा ऐतिहासिक कर सुधार है, जो वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए भी दिखाई देगा। यदि हम देश में आयकर का इतिहास देखें तो पाते हैं कि वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन देश में एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी।

वर्ष 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के छोटे-छोटे प्रयास किए जाते रहे। खासतौर से वर्ष 1981 में कम्प्यूटरीकरण की शुरुआत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2009 में ई-फाइल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन प्रयासों से 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़




लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान बहुत कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है।


वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। सरकार की मुठ्ठियों में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है बल्कि यह करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। साथ ही यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में मदद करता है। खास तौर से इस समय जब वर्ष 2047 में देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नए आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नए आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढ़ने-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है। इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नए विधेयक ने इन्हें घटाकर 536 कर दिया है। नए आयकर विधेयक में 'चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नए विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है।

अब 'असेसमेंट ईयर' की जगह 'टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरेंसी और अन्य डिजिटल एसेट्स को 'कैपिटल एसेट' माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नए टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। निश्चित रूप से नए आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। नए आयकर विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना सुनिश्चित किया गया है। जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। बकाया टैक्स का भुगतान न करने पर अधिक ब्याज और पेनल्टी है। आय छिपाने पर अकाउंट सीज़ और संपत्ति जब्त करने के अधिकार होंगे। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है। इस कानून की वास्तविक परीक्षा यह भी होगी कि यह कर संबंधी मुकदमों में कितनी कमी लाएगा। निःसंदेह व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है, लेकिन रियायतों और कर दरों का ढांचा अब भी जटिल बना हुआ है। इसे सरल बनाने के लिए सरकार को प्राथमिकता से ध्यान देना होगा। साथ ही कर दरें घटाने पर भी ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि नए आयकर कानून 2025 के तहत सरल कर ढांचा और सरल कानून सभी के लिए मददगार होंगे और देश की जीडीपी में आयकर का अधिक योगदान बढ़ने से अर्थव्यवस्था भी तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# प्रज्ञा के जागरण से बदलेगी दृष्टि



संकलित
**दर्शन**

आंख साफ है तो दुनिया साफ है। आंख में धुंधलापन है तो सारी दुनिया धुंधली हो जाती है। तर्कशास्त्र में 'द्विचंद्रबोध' की बात आती है। चांद है तो एक, किंतु दृष्टि दोष के कारण वह दो दिखाई देता है। जीवन-निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है- दृष्टिकोण का विपर्यय। जीवन-निर्माण का सबसे बड़ा रहस्य-सूत्र है-दृष्टिकोण का निर्माण। प्रसिद्ध कहावत है- 'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि।' पहले हम दृष्टि को बदलने की बात करें। सृष्टि को बदलने की बात पहले न करें। यदि दृष्टि बदलती है तो प्रयोजन पूरा हो जाता है। सृष्टि अपने आप बदल जाती है। उसके लिए इतनी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सबसे जटिल प्रश्न है दृष्टि को बदलना। यदि ध्यान के द्वारा दृष्टि बदल जाती है तो बहुत कुछ हो सकता है। मेरा विश्वास प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है कि जिसने सच्चाइयों का साक्षात्कार कर लिया है, उसकी दुनिया बदल जाती है। जिसने सच्चाई का साक्षात्कार नहीं किया, वह हजार बार दुहाई देगा, पर बदलेगा नहीं। सबसे बड़ा प्रश्न है- सत्य का साक्षात्कार। दृष्टि बदलने का अर्थ है- सत्य का साक्षात्कार होगा। जो ज्ञान बाहर से पैदा होता है वह है- इंद्रिय ज्ञान। प्रज्ञा है- आंतरिक ज्ञान। वह 'आयसमुत्था' बाहर से पैदा नहीं होती। एक अनपढ़ आदमी बहुत प्रज्ञावान और बहुत ज्ञानी हो सकता है। एक पढ़ा-लिखा आदमी बड़ा मूर्ख हो सकता है। प्रज्ञा का जागरण भीतर होता है। शक्ति का जागरण भीतर होता है। हम बाहर शक्ति को खोजते हैं। किंतु मूल स्रोत हमारे भीतर है। प्राण शक्ति प्रबल होती है तो बाहर की शक्ति भी काम आती है। प्राण शक्ति नहीं है तो बाहर की शक्ति भी सहारा नहीं दे सकती।

# हर दिन होगा सुखद और आनंददायक



संकलित
**प्रेरणा**

जीवन के हर दिन को आप सुखद बनना चाहते हैं लेकिन हर दिन आपका कैसा सुखद बनेगा। इस विषय में अगर आप सोच विचार कर रहे हैं तो सद्गुरु श्री मधुसूदन साई के बताए आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहिए। वस्तुतः, आनंद प्रत्येक व्यक्ति का सच्चा लक्ष्य है। मनुष्य आनंद की लालसा करता है और इसे अनेक रीतियों से खोजने का प्रयास करता है। वह अच्छा भोजन करने में, मैत्रीपूर्ण सामाजिक समूहों में, स्नेही परिवार में, एक भारी-भरकम वेतन में, शानदार पर्यटन में, तथा सबसे बढ़िया घरों एवं कारों में आनंद प्राप्त करता है। फिर भी, अपनी आशा के अनुरूप प्राप्त कर लेने के उपरांत भी, उसकी प्रसन्नता स्थायी नहीं रहती है। जीवन के उतार-चढ़ाव उसे बार-बार झकझोरते रहते हैं। चाहे वह खाना हो, सोना हो, खेलना हो, प्रार्थना करना हो अथवा कार्य करना। अपनी सभी गतिविधियों को संतुलित करने से आपके जीवन में जो संतुलन आएगा, वह आपके जीवन के प्रत्येक दिन को पूर्णता से जीने में सहायता करेगा। वह करें, जिसके लिए आप जन्मे हैं। अपने जुनून को अपना पूर्णकालिक व्यवसाय बनाएं। आप प्रत्येक दिन संतुष्टि का अनुभव करेंगे तथा सदैव अपनी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा प्राप्त करेंगे। आप अपनी आयु के आधार पर अपना परोपकार का चार्ट बना सकते हैं। परोपकार का आपकी वित्तीय व्यवस्था में एक अंश अवश्य होना चाहिए, क्योंकि केवल इसका समावेश ही आपको अद्वितीय संतोष की अनुभूति प्रदान कर सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### सड़क पर बेजा कब्जा

राजधानी की सड़कों के दोनों ओर दुकानदारों के बेजा कब्जे से सड़कों पर जाम लगने लगा है। सुबह और शाम के वक्त संतोषीनगर से रिंग रोड तक पहुंचना मुश्किल होता है। रिंग रोड के आसपास आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। खासकर दुकानदार कई फीट सड़क पर सामान रख रहे हैं। ऐसे में सड़कें संकरी हो जाती है और लोगों का गुजरना मुश्किल होता है। निगम और ट्रैफिक पुलिस एक-दो बार कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर लेते हैं। फिर स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है।

– **राजेंद्र कुमार**, संतोषीनगर

## करंट अफेयर

# इंटरनेट की लत से लड़ने में मदद के लिए एम्स में केंद्र



बच्चों और युवाओं को इंटरनेट तथा प्रौद्योगिकी की लत से लड़ने में मदद करने के लिए देश में अपनी तरह का पहला केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने हाल ही में तकनीक के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग से संबंधित व्यसनकारी व्यवहार पर उन्नत शोध केंद्र (सीएआर-एबी) की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एम्स, दिल्ली में व्यवहार व्यसन क्लीनिक (बीएसी) के संकाय प्रभारी यतन पाल सिंह बल्हारा इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना गया है। डॉ बल्हारा ने कहा कि भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2024-25) में बच्चों और किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि को इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से जोड़ा गया है और बच्चों एवं किशोरों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए इंटरनेट से दूर रखने के लिहाज से स्कूल एवं परिवार के स्तर पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र लत लगने संबंधी विभिन्न व्यवहारों पर समग्र रूप से ध्यान देगा।

## ऑफ बीट

# मंगल ग्रह का लाल रंग लौहयुक्त खनिज की उपस्थिति के कारण



एक नए अध्ययन के अनुसार मंगल ग्रह का लाल रंग लौह-युक्त खनिज की उपस्थिति के कारण हो सकता है, जिसके निर्माण के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता होती है और इससे यह संभावना मजबूत होती है कि यह ग्रह अतीत में रहने योग्य रहा होगा। 'नेचर कम्युनिकेशन्स' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि लाल ग्रह पर स्थित धूल विभिन्न खनिजों का मिश्रण है, जिसमें आयरन ऑक्साइड भी शामिल है, जिनमें से एक - फेरिहाइड्राइट - ग्रह के रंग का कारण हो सकता है। ब्राउन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पोस्टडॉक्टरल फेलो तथा अध्ययन के प्रमुख लेखक एडम वैलेंटिनास ने कहा, हम फेरिहाइड्राइट को मंगल ग्रह के लाल होने का कारण मानने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन अब हम अवलोकन डेटा और प्रयोगशाला के नए तरीकों का उपयोग करके इसका बेहतर परीक्षण कर सकते हैं, ताकि अनिवार्य रूप से प्रयोगशाला में मंगल ग्रह की धूल बनाई जा सके। उन्होंने कहा, हमारे विश्लेषण से, हमें विश्वास है कि फेरिहाइड्राइट धूल में हर जगह है और संभवतः चट्टान संरचनाओं में भी है। हालांकि, चूंकि फेरिहाइड्राइट ठंडे पानी की मौजूदगी में बनता है और पहले लाल रंग देने वाले माने जाने वाले हेमेटाइट जैसे खनिजों की तुलना में कम तापमान पर बनता है, इसलिए निष्कर्ष बताते हैं कि मंगल पर टिकाऊ तरल पानी को बनाए रखने में सक्षम वातावरण हो सकता है।

## ट्रेंड

### कन्नड़ के लिए गर्व का क्षण



कन्नड़ साहित्य के लिए गर्व का क्षण है। बानू मुश्ताक का कन्नड़ लघुकथा संग्रह अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार की लॉग लिस्ट में शामिल हुआ है। यह हमारी भाषा और संस्कृति के लिए एक बड़ा सम्मान है!

**-सिद्धारमैया, सीएम, कर्नाटक**

### निवेशकों का भरोसा उठ रहा



देश के शेयर बाज़ार के लगातार गिरने का कारण यदि विदेशी निवेशकों का भारतीय बाज़ार से पैसा निकालना है तो ये दर्शाता है कि विदेशी निवेशकों का भारत की वर्तमान अर्थव्यवस्था से भरोसा उठ गया है। निवेश को आकर्षित करने के नाम पर जो करोड़ों ख़र्च किया जाता है, वो कितना निरर्थक है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### बीएफआई का चुनाव



भारतीय मुक्केबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जरूरी है कि वे विदेश में अभ्यास करें। इसके लिए मजबूत महासंघ बनाने के लिए जल्द चुनाव कराने की जरूरत है। अगर कोई जिम्मेदारी मिलती है तो मुझे योगदान करने में खुशी होगी।

**-विजेंदर सिंह, भारतीय मुक्केबाज**

### थ्रिलर श्रृंखला की शूटिंग



कुछ रहस्य यूं ही नहीं खुलते, वे आपको अंदर खींच लेते हैं, आपको अनुमान लगाने पर मजबूर कर देते हैं और जाने नहीं देते। हमें इस मामले में एक सुराग मिल गया है। एक नई रहस्य थ्रिलर श्रृंखला बन रही है! इसकी शूटिंग शुरू हो गई है।

**परिणीति चोपड़ा, अभिनेत्री**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

26- FEB- COR- MAIN- Pg- 5 RAJDHANI_Layout 1 2/26/2025 10:06 PM Page 1






## कांग्रेस कानूनी आधार पर अपना पक्ष मजबूती से रखने की कर रही तैयारी

# ईडी ने पूछे चार सवाल, आज मलकीत बताएंगे पैसा कहां से आया, कांग्रेस भवन किसने बनाया और ठेकेदार कौन था

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने के बाद सभी जिलों में कांग्रेस भवन बनाने और पुराने कांग्रेस भवन का जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत ही सुकमा-कोंटा में कांग्रेस भवन तैयार किया गया था। शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के ठिकानों से जब्त किए गए दास्तावेजों के आधार पर ईडी द्वारा कांग्रेस भवन सुकमा-कोंटा के निर्माण के संबंध में चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। इसमें निर्माण करने वाले ठेकेदार और वित्तीय ब्योरा की जानकारी मांगी गई है। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू गुरुवार को सुबह 10.30 बजे ईडी कार्यालय पहुंच कर जानकारी देंगे।

ईडी का समन मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बंगले में कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सीनियर एडवोकेट फैजल रिजवी, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, शिव डहरिया, उमेश पटेल, धनेन्द्र साहू, विकास उपाध्याय और संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैदू शामिल हुए। बैठक में प्रवर्तन निदेशालय के समन को लेकर चर्चा हुई और तय किया गया कि जांच एजेंसी को क्या जवाब देना है। बैठक में यह तय किया गया कि ईडी को सभी सवालों के जवाब दिए जाएंगे, लेकिन इसके लिए कुछ और समय मांगा जाएगा। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस कानूनी आधार पर अपना पक्ष मजबूती से रखने की तैयारी कर रही है।

शराब घोटाले में कवासी लखमा का नाम आने के बाद कोंटा और सुकमा में बने कांग्रेस भवन के संबंध में समन जारी कर कांग्रेस मुख्यालय से सुकमा-कोंटा में बने कांग्रेस कार्यालय भवन को लेकर पूछा है कि भवन के लिए फंड कहां से आया? निर्माण कब शुरू हुआ और इसका ठेकेदार कौन है? साथ ही इसका पूरा वित्तीय ब्योरा भी मांगा है।

### संतोषजनक जानकारी न मिलने पर होगी कुर्की

रिपोर्ट के मुताबिक, अगर इसको लेकर संतोषजनक जानकारी नहीं मिलती है, तो राजीव भवन और कवासी लखमा के बेटे हरीश लखमा के मकान को कुर्क किया जा सकता है। यह पूरा मामला शराब घोटाले से जुड़ा हुआ है। ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री लखमा के रायपुर के धर्मपुरा स्थित बंगले पर 28 दिसंबर को छापेमारी की थी।

### सभी जिलों में कांग्रेस कार्यालय बनाने की योजना

कांग्रेस सरकार आने के बाद करीब एक दर्जन जिलों में कांग्रेस का स्थायी कार्यालय नहीं था। इनमें कवर्धा, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, सुकमा, अंबिकापुर, कोरिया और सरगुजा में राजीव भवन कार्यालय बन गया है, इसका लोकार्पण भी किया जा चुका है। कांग्रेस सरकार बनने के बाद कांग्रेस भवन के लिए सरकारी जमीन का आवंटन कई जिलों में हुआ। वहीं कुछ नए जिले और तहसील कार्यालयों में विधायकों को अपने विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस भवन बनाने का प्रस्ताव शामिल किया गया। सभी कांग्रेस भवन की डिजाइन एक समान रखी गई और उसे राजीव भवन का नाम दिया गया। यह भवन जन सहयोग से मिली राशि से तैयार करने पर सहमति बनी। प्रदेश में सत्ता रहने के दौरान क्षेत्र के प्रभारी मंत्री और विधायकों को कांग्रेस भवन निर्माण की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## कांग्रेस भवन निर्माण पर ईडी के समन पर सियासत बैज की मांग- भाजपा मुख्यालय निर्माण की जांच कराएं

राजीव भवन के निर्माण पर ईडी के समन के बाद सियासत शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा मुख्यालय निर्माण की जांच करने की बात कही है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस ईडी की जांच पर राजनीति कर रही है। दीपक बैज ने कहा, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में ईडी का समन आया है।

■ साव बोले- ईडी जांच पर राजनीति कर रही

देश के इतिहास में पहली बार किसी राजनैतिक पार्टी के कार्यालय में जाकर सेंट्रल एजेंसी ने भाजपा के इशारे पर समन दिया है। कांग्रेस ने 15 साल विपक्ष में रहने के दौरान अपने कार्यकर्ताओं और जनता के सहयोग से राजीव भवन बनाया था। जन सहयोग से कांग्रेस भवन बनाना कांग्रेस की परंपरा रही है। रायपुर का ऐतिहासिक कांग्रेस भवन भी आजादी की लड़ाई के दौरान छेर-छेरा पुन्नी के त्योहार के दौरान मांगे गये दान से बनाया गया था, जहां से कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी थी। ईडी ने कोर्ट में पेश किया है कि 72 करोड़ में भवन बना है। हम तो एक-एक पैसे का हिसाब दे देंगे। ईडी में साहस है, तो वह भाजपा के 150 करोड़ रुपए की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे का रुपया कहां से आया, इसकी जांच करे? कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाइव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है। रायपुर में ही भाजपा के कार्यालय एकात्म परिसर की जमीन राजनैतिक दल के कार्यालय के लिये भाजपा ने 1 रुपए में हासिल की थी। एकात्म परिसर को व्यावसायिक कांपलेक्स में तब्दील कर दिया गया, जहां से 1.5 करोड़ रुपया किराया भाजपा वसूलती है। क्या ईडी उसकी जांच करेगी? कांग्रेस हमेशा जन सरोकार के मुद्दे को उठाते रहेगी। इससे भाजपा घबरा गयी है। दीपक बैज ने कहा, भाजपा में बहुत गुटबाजी है, इसलिये अभी तक निगम मंडलों की नियुक्ति नहीं हो पायी है। कुछ मंडलों में नियुक्ति हुयी, तो वहां विवाद भी हो गया, इसलिये निगम मंडल की कुर्सी अभी तक खाली है।

### राजनीतिक बयानबाजी कर जनता का ध्यान भटका रही कांग्रेस- साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस पर पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस ईडी की जांच पर राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब घोटाले को लेकर ईडी की कार्रवाई चल रही है। अब तक साक्ष्य और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई हुई है। कांग्रेस राजनीतिक बयानबाजी करके जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश ना करे। कांग्रेस नेताओं की निकाय चुनाव में हुई पार्टी की हार का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़े जाने पर अरुण साव ने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस में एक-दूसरे को निपटाने का खेल चल रहा है। कांग्रेस डूबती हुई नाव की तरह होती जा रही है। कांग्रेस नेताओं के झगड़े को जनता ने पांच साल भोगा, अब उस झगड़े का खामियाजा खुद भोगेंगे।

# जब्त साढ़े सात हजार सिम का इस्तेमाल विदेश के साथ दूसरे प्रदेशों में कर रहे थे जालसाज

### सिम का इस्तेमाल जालसाजी के साथ और कई गंभीर अपराधों में किया जा रहा



हरिभूमि न्यूज:रायपुर

पश्चिम बंगाल के बाद छत्तीसगढ़ फर्जी सिम खरीदी-बिक्री करने वाले गिरोह के लिए एक बड़ा हब बन गया है। फर्जी सिम से जुड़े तार की जांच मे रेंज साइबर पुलिस के बाद अब एटीएस भी जुट गई है। साइबर पुलिस ने पिछले दिनों साढ़े सात हजार से ज्यादा फर्जी सिम का खुलासा किया है। उनमें से सात हजार के करीब सिम दूसरे प्रदेशों के साथ विदेश में ऑपरेट किए जा रहे हैं। फर्जी सिम का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी करने वाले ही कर रहे हैं या फर्जी सिम का इस्तेमाल अन्य तरह के अपराधों में लिप्त अपराधी कर रहे थे, जानकार इसकी विस्तृत जांच किए जाने की बात कह रहे हैं।

फर्जी सिम मामले में साइबर पुलिस सिम बेचने वालों के साथ ही अलग-अलग सिम प्रोवाइडर कंपनियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। साथ ही पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि राज्य में एक ही नाम के व्यक्ति द्वारा कितना सिम लिया गया है। लिए गए सिम का उपयोग कहां किया जा रहा है। साइबर पुलिस इस बात की भी पड़ताल कर रही है। जो सिम प्रदेश के बाहर ऑपरेट किए जा रहे हैं, उसके बारे में साइबर पुलिस सिम प्रोवाइडर से जानकारी मंगाने की बात कह रही है। फर्जी सिम का बड़ा हब पश्चिम बंगाल है। पश्चिम बंगाल में फर्जी सिम उपलब्ध कराने के एवज में पांच से दस हजार रुपए लिए जाते हैं। छत्तीसगढ़ में फर्जी सिम महज दो से पांच हजार रुपए में मिल जाता है। इस वजह से ऑनलाइन ठगी करने के साथ अन्य अपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधी छत्तीसगढ़ से बड़े पैमाने पर फर्जी सिम खरीद रहे हैं।

### फर्जी सिम पर लगाम लगने का दावा

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के अनुसार फर्जी सिम को लेकर साइबर पुलिस ने पिछले दिनों जो कार्रवाई की है, उसके बाद से दूसरे प्रदेश के अपराधी छत्तीसगढ़ से फर्जी सिम लेने से बच रहे हैं। पूर्व में जिन फर्जी सिम की पहचान की गई थी, उन सिम को ब्लाक कराए जाने की जानकारी पुलिस अफसर ने दी है।

### टेलीग्राम के माध्यम से कर रहे सौदा

साइबर पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक फर्जी सिम के साथ म्यूल अकाउंट खरीदने का सौदा टेलीग्राम के माध्यम से जालसाज एक दूसरे से संपर्क कर, कर रहे हैं। फर्जी सिम तथा म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले अपराधी सौदा तय होने के बाद पहले अपने अकाउंट में ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर कराते हैं। उसके बाद सिम के साथ म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराते हैं।

### अन्य कई तरह के अपराध में इस्तेमाल

क्रइम डीएसपी के अनुसार फर्जी सिम का इस्तेमाल ठगी के अलावा कई अन्य तरह के अपराध में इस्तेमाल किए जाने की आशंका है। फर्जी सिम के माध्यम से अपराधी ड्रग तस्करी करने के साथ ही कई अन्य तरह के अपराध कर रहे हैं। अफसर सिम का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी के साथ और किन अपराधों में किया गया है, इस बात की जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

### जांच की जा रही

फर्जी सिम का इस्तेमाल जालसाजी के अलावा और किन अपराधों में किया जा रहा था, इस बात की जांच की जा रही है। फर्जी सिम रैकेट का भांडा फूटने के बाद दूसरे राज्य के अपराधी छत्तीसगढ़ से फर्जी सिम लेने से बच रहे हैं।

**– संजय सिंह,** डीएसपी क्राइम



26- FEB- COR- MAIN- Pg- 6 SEHAT_Layout 1 2/26/2025 9:03 PM Page 1



### डॉक्टर एडवाइस

डॉ. प्रतीक पोरवाल
जी.आई. सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

स्पेशल: वर्ल्ड ओबेसिटी-डे, 4 मार्च

# बढ़ते वजन के साथ बढ़ती हैं अनेक बीमारियों की आशंका



पूरी दुनिया में ओवरवेट होना यानी मोटापा, एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम बन कर उभर रहा है। मोटापे की समस्या किसी भी व्यक्ति को रातों-रात यानी अचानक उत्पन्न नहीं होती है। लंबे समय तक गलत जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खान-पान, मोटापे की समस्या उत्पन्न करते हैं। यह स्थिति कई अन्य बीमारियों की वजह बनती है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है

आमतौर पर मोटापा वह शारीरिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति के शरीर में वसा की मात्रा बढ़ जाती है। जब किसी व्यक्ति की लंबाई के अनुपात में उसका वजन एक निश्चित मानक सीमा से अधिक हो जाता है तो उसे मोटापे की स्थिति कहा जाता है।

## क्या है मॉर्बिड ओबेसिटी

मॉर्बिड ओबेसिटी या रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा एक ऐसी स्थिति है, जहां किसी व्यक्ति के शरीर में अत्यधिक मात्रा में वसा संचित होती है, जो उसके स्वास्थ्य पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालती है। ऐसा मोटापा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसे आमतौर पर 40 या उससे अधिक के बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) द्वारा परिभाषित किया जाता है।

## मोटापा और बीएमआई

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स संक्षेप में बीएमआई है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई के मीटर वर्ग से विभाजित किया जाता है।

## मॉर्बिड ओबेसिटी के लक्षण

- थोड़ा शारीरिक श्रम करने पर सांस फूलने लगती है। बैठने और चलने-फिरने में दिक्कत महसूस करना।
- जोड़ों और कमर में दर्द की समस्या के मामले ऐसे लोगों में ज्यादा होते हैं।
- जरा सा भी शारीरिक श्रम करने पर थकान महसूस करना।
- सोते समय खर्राटे लेना और रात में अचानक घबराहट होने पर उठ जाना (स्लीप एपीनिया)।



## ओबेसिटी के कारण

**व्यायाम न करना:** जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।

**जंक फूड्स:** लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अकसर जंक फूड्स लेना मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।

**मानसिक तनाव:** कालांतर में यह नकारात्मक मानसिक अवस्था भी मोटापे का कारण बन सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से मोटापा बढ़ सकता है।

**वंशानुगत कारण:** इनसे भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ना संभव है।

**थायरॉइड ग्रंथि के विकार:** इस ग्रंथि के असंतुलन या विकार से भी मोटापा बढ़ने की संभावना रहती है।

## मोटापे से होने वाली समस्याएं

जो लोग अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें इन स्वास्थ्य समस्याओं के होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। जैसे- उच्च रक्त चाप, हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एपीनिया, मोटापे से ग्रस्त लोगों में आंतों और स्तन कैंसर होने के मामले कहीं ज्यादा हो सकते हैं। गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं।

**मनोवैज्ञानिक समस्याएं:** जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता।

**इनफर्टिलिटी:** मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।

## ऐसे करें वेट कंट्रोल

पहली बात तो यह समझ लें कि मोटापे को किसी भी दवा या किसी मेडिकल चमत्कार से चंद घंटों या दिनों में दूर नहीं किया जा सकता। मोटापे को नियंत्रित करने के संदर्भ में किसी भी व्यक्ति की उम्र, शारीरिक स्थिति और उसकी मेडिकल कंडीशन के बारे में जानना आवश्यक है।

**कब लें डॉक्टर से परामर्श:** जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आप से कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं या नहीं। इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डायटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।



## तब करवाएं बैरियाट्रिक सर्जरी

बैरियाट्रिक सर्जरी एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

### ऐसे निर्धारित करते हैं मोटापा

**यदि किसी** व्यक्ति का बीएमआई 18.5 या उससे नीचे है, तो इसका आशय है कि उसका वजन सामान्य से कम है, वह



अंडरवेट है। ऐसा व्यक्ति कुपोषण का शिकार हो सकता है। किसी व्यक्ति का बीएमआई 18.5 से 24.9 के मध्य है तो उसका वजन सामान्य है, जिसे नॉर्मल वेट कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति का बीएमआई 25 से 28 के मध्य है, तो उसका वजन अधिक है, उसे ओवरवेट कहा जाता है। बीएमआई 28 से 30 के मध्य है तो उसे ग्रेड-1 मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है। अगर बीएमआई 31 से 40 के मध्य है तो उसे ग्रेड-2 मोटापा माना जाता है। अगर बीएमआई 40 से अधिक है तो उसे अत्यधिक गंभीर मोटापा (रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा) माना जाता है।

आमतौर पर पुरुषों में 94 सेमी. या फिर इससे अधिक और महिलाओं में 80 सेमी. या इससे अधिक कमर की माप को स्वास्थ्य के प्रतिकूल माना जाता है।

## वेट कंट्रोल का डाइट प्लान

मोटापे को नियंत्रित करने में खान-पान का व्यायाम की तुलना में कहीं ज्यादा महत्व है। मोटापे को कम करने में 90% स्वास्थ्यकर खान-पान और 10% वर्कआउट व्यायाम की स्थिति आदर्श मानी जाती है। वजन को नियंत्रित करने के लिए कई डाइट प्लान हैं, जिन पर अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर ही अमल करना चाहिए। जैसे पैलियो डाइट प्लान। इसके अंतर्गत आहार में टमाटर, प्याज, लहसुन और गाजर को शामिल किया जाता है। इसके अलावा फलों, नट्स, मछली, फलियां, अनाज और डेयरी उत्पादों को भी शामिल किया जाता है।

डाइटिंग के नाम पर अपनी भूख मारना या कम से कम खाना अपने शरीर के साथ अत्याचार करने जैसा है। अनेक ऐसे लोग हैं जिनके दिमाग में यह गलत धारणा बैठ चुकी है कि मोटापे को कम करने के लिए डाइटिंग एक सशक्त माध्यम है, जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। याद रखें, डाइटिंग से मोटापा कम नहीं होता।

## मोटापा और दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। मॉर्बिड ओबेसिटी को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है।

वजन घटाने की दवाएं विशेष रूप से उन लोगों के लिए होती हैं, जो आहार और व्यायाम के साथ भी वजन कम करने में सफल नहीं हो पाते। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ऐसी दवाओं के साइड और आफ्टर इफेक्ट भी होते हैं। इन दवाओं का उद्देश्य शरीर में वसा को जलाना या बर्न करना, भूख को कम करना और शरीर के ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना होता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

## इन बातों पर दें ध्यान

**वजन नियंत्रण** के लिए आपको अपनी जीवनशैली में लगातार सकारात्मक परिवर्तन करने होंगे। जैसे अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना, खान-पान में मौसमी फलों और हरी सब्जियों को वरीयता देना आदि। इसके अलावा इन सुझावों पर भी अमल करना लाभप्रद रहेगा।

- डॉक्टर या डायटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।



- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव से शरीर में हार्मोन संबंधी असंतुलन उत्पन्न होता है, जिसके कारण कालांतर में मोटापा बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- खाद्य पदार्थों में ऊपर से नमक न छिड़कें। नमक का कम से कम सेवन करना लाभप्रद है।
- खाना खाते समय टीवी न देखें।

---

### घरेलू औषधि

# बहुत लाभकारी है जैतून नमक

आमतौर पर लोग साधारण नमक, काला नमक और सेंधा नमक के बारे में तो जानते हैं। लेकिन एक अन्य लाभकारी नमक जैतून नमक के बारे में कम ही लोग जानते हैं। यह एक विशेष नमक है, जो कई रोगों के उपचार में कारगर है।

**क्या होता है जैतून नमक:** इस नमक को बनाने के लिए साधारण नमक को जैतून के साथ मिलाकर एक निश्चित विधि से तैयार किया जाता है। इसके लिए पूरे पके हुए जैतून को मोटे नमक (डली वाला साधारण नमक) के साथ मिलाकर ढंक कर लगभग दो महीने के लिए रख दिया जाता है। निर्धारित समय के बाद उस नमक में विशेष गुणों का समावेश प्राकृतिक रूप से होता है। जिससे एक औषधि बन जाती है, जो कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में लाभकारी होता है। इसमें मिलने वाले प्रमुख तत्व हैं- विटामिन ई, लोहा, तांबा और कैल्शियम आदि। जैतून नमक की तासीर ठंडी होने के कारण सर्दियों में इसका सेवन कम करना चाहिए।

**इन रोगों में कारगर:** जैतून नमक को कई रोगों के उपचार में उपयोग किया जा सकता है।



- इसका प्रयोग शरीर के बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
- पेट संबंधी अजीर्ण, गैस, अपच, भूख न लगना या कम लगना आदि समस्याओं में यह हितकर है।
- डायबिटीज (रक्तशर्करा) और उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के उपचार में जैतून नमक का सेवन उपयोगी है।
- यह शारीरिक क्षमता में बढ़ोत्तरी करता है।
- हृदय को स्वस्थ रखने के लिए यह लाभकारी है।
- कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है।
- बढ़ते वजन से परेशान लोगों का वजन कम करने में मददगार है।
- यकृत (लिवर) को स्वस्थ बनाने में सहायक है।
- किडनी की समस्या में इसका सेवन लाभकारी है।
- बढ़ती आयु में हड्डियों को स्वस्थ रखने में इसका सेवन मददगार है।

कुछ लोगों को जैतून से एलर्जी होती है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इसकी कितनी मात्रा कैसे लेनी है, इसका निर्धारण स्वयं न करें, विशेषज्ञ से सलाह के आधार पर करें।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय-उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'

---

### मेडिकल रिसर्च

माहिया

कुछ समय पहले खबरें आईं कि रूस के वैज्ञानिकों ने कैंसर ट्रीटमेंट के लिए वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। क्या है यह वैक्सीन, कैसे करेगी यह वर्क और इससे कितना प्रभावी होगा ट्रीटमेंट, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# बना ली गई कैंसर वैक्सीन कितना प्रभावी होगा इलाज



हाल में रूस ने घोषणा की है कि उनके वैज्ञानिकों ने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है, जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग का कहना है कि इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन, वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो इम्यून या प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करते हैं) के विरुद्ध इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडीज उत्पादन के लिए प्रेरित करता है। जब ये एंटीजन, कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।

**ऐसे करेगी एक्शन:** एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, इम्युनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अकसर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वो एंटीबॉडीज द्वारा पहचान में आने से बच जाएं। फलस्वरूप इम्यून सिस्टम (शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता) उन्हें नष्ट नहीं कर पाता। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है। अब प्लानिंग यह है वैक्सीन के जरिए शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाए कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे और उनको फैलने से रोके। इस उपचार का लाभ यह है कि कीमोथेरपी के विपरीत इसमें अन्य कोशिकाओं के बजाय केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन ट्रीटमेंट के साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं। वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्युनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं। जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि।

**अन्य वैक्सीन से है अलग:** अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाए, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।

**कैंसर का करेगा ट्रीटमेंट:** कई डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए 'वैक्सीन' शब्द का प्रयोग करना भ्रामक है, क्योंकि संक्रमित रोगों की तरह कैंसर आमतौर से किसी एक कीटाणु से नहीं फैलता है। जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपील्लोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। लेकिन डॉक्टर्स इस बात पर बल देते हैं, 'रोगियों को यह समझना चाहिए कि इम्युनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।' *

---

### डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब नींद के लिए लेनी पड़े दवा

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे अकसर रात को नींद नहीं आती। पिछले कुछ समय से मैं नींद की गोलियां ले रहा हूं। इससे रात को नींद तो अच्छी आती है, लेकिन पूरे दिन सुस्ती बनी रहती है। समझ नहीं आता, क्या करूं? कृपया उचित मार्गदर्शन करें।**


**-वीरपाल, महेंद्रगढ़**

नींद की दवा खाकर सोना, यह अच्छी बात नहीं है। सबसे पहले आप कोशिश करें कि नींद की दवा लेना बंद करें और इसके बगैर कैसे नींद आए, इसका रास्ता खोजें। इसके लिए सबसे जरूरी है कि नींद न आने की वजह ढूंढ़ने की, यानी किस वजह से नींद नहीं आती है? यह समस्या आपको कब से है यानी इस बीच में ऐसा क्या हुआ है, जो बात बार-बार आपके मन में आती है, जिससे नींद नहीं आ रही हो। अगर आप स्वयं से ऐसा न कर पाएं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, लेकिन नींद की दवा आपको लेना बिल्कुल बंद कर देना चाहिए।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। जब भी मैं कुछ दूर पैदल चलता हूं, मेरे पैरों में सूजन आ जाती है। रेस्ट करने पर यह सूजन अपने-आप ही ठीक हो जाती है। ऐसा क्यों होता है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अभिनव, दुर्ग**

पैरों में सूजन दो कारणों से होती है, पहले मसल्स का वीक होना और दूसरा



डायबिटीज। आप पहले जनरल फिजिशियन से संपर्क करें, वो आपकी शुगर और कुछ अन्य जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा कि आपको किस वजह से सूजन आ रही है? इसके बाद उसका उपचार होगा। फिलहाल, बगैर डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई भी दवा आप ना खाएं। ज्यादा दिक्कत होने पर आप सिंकाई कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर बहुत अधिक झाइयां हो रही हैं। कई तरह की क्रीम और दवाइयां लेने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रही। मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुकेश, रायपुर**

अभी आप की उम्र अधिक नहीं है इसलिए आपको दवा खाने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। दवा के अधिक सेवन से आपको अभी भले ही आराम मिल जाए, लेकिन आगे और परेशानी बढ़ सकती है। सबसे पहले आप अपनी तरफ से इस्तेमाल की जाने वाली दवाइयां बंद करें और एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वो इसका कारण बताएंगे और उसका ट्रीटमेंट भी। लेकिन आप अभी पानी अधिक से अधिक पिएं। शरीर में पानी की कमी न होने दें। कई बार यह भी त्वचा रोग का कारण बन जाता है।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। तीन हफ्ते पहले बाथरूम में पैर स्लिप करने की वजह से मेरी कमर में चोट आई थी। अभी भी कमर में चोट वाली जगह पर रह-रहकर दर्द होता रहता है। ऐसे में क्या करूं, जिससे मुझे कमर दर्द से राहत मिले?**

**-अर्णव, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको स्पाइन में चोट लगी है, जिसमें किसी तरह की फ्रेक्चर नहीं हुआ होगा। इस तरह की चोट में थोड़ा लंबे समय तक दर्द रहता है। कोशिश करें कि आप झुकने वाले काम बिल्कुल न करें, वजन न उठाएं। सोने के लिए हार्ड बेड का इस्तेमाल करें। अगर अधिक दर्द हो रहा है तो जरूर आपको एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि दर्द हो रहा है इसलिए किसी तरह की एक्सरसाइज भी न करें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। अकसर खड़े होने पर मेरे पैरों में थरथराहट शुरू हो जाती है, जिसकी वजह से चलते वक्त लड़खड़ाने लगता हूं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कौशल किशोर, भोपाल**

इस बात पर ध्यान दें कि आपका वजन अधिक तो नहीं है? कई बार वजन अधिक होने पर इस तरह की समस्याएं बढ़ती उम्र में देखी जाती हैं। लेकिन एक बार आप मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ संपर्क से कर लें, क्योंकि इस तरह की समस्याएं न्यूरो से जुड़ी भी हो सकती हैं। ऐसे में बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। लेकिन आप जैसा बता रहे हैं, तो ज्यादा चलने की कोशिश न करें। गिर सकते हैं और चोट लग सकती है। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे



## खबर संक्षेप

### स्पाइसजेट को तिमाही में 26 करोड़ का मुनाफा



**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट का अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 26 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में 300 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। विमान कंपनी के अनुसार, 'कुल राजस्व में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,651 करोड़ रुपये रहा।

### इंडिगो तीन बोइंग 787 विमानों को पट्टे पर लेगी



**मुंबई।** यूरोप के लिए उड़ानें शुरू करने की तैयारियों में जुटी घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने बुधवार को कहा कि वह नॉर्स अटलांटिक एयरवेज के साथ समझौते के तहत अपने बेड़े में तीन अन्य बोइंग 787-9 विमान शामिल करेगी। फिलहाल गुरुग्राम मुख्यालय वाली एयरलाइन दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए तुर्की एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए चौड़े आकार वाले दो बोइंग 777 विमानों का संचालन करती है।

### माइक्रोमैक्स ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रखा कदम



**नई दिल्ली।** घरेलू उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स ने 'स्टार्टअप एनर्जी' की शुरुआत के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश की बुधवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, इस नए उद्यम का मकसद भारत में सौर पैनल विनिर्माण में क्रांति लाना, टिकाऊ ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाना और देश के महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा मिशन को समर्थन देना है।

### चाय प्वाइंट की 2026 तक सूचीबद्ध होने की योजना



**नई दिल्ली।** लोकप्रिय चाय कैफे श्रृंखला चाय प्वाइंट के सह-संस्थापक तरुण खन्ना ने कहा कि कंपनी की 2026 के मध्य तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की योजना है। चाय प्वाइंट ने हाल ही में प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान काफी लोकप्रियता हासिल की और कई मुख्य दिनों पर इसकी दुकानों से एक दिन में एक लाख कप चाय तक बेची गई।

### भारत के ऊर्जा क्षेत्र में असम प्रमुख खिलाड़ी



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा शर्मा ने बुधवार को कहा कि राज्य भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बना हुआ है, जहां विशाल हाइड्रोकार्बन भंडार और कुशल कार्यबल है। मुख्यमंत्री ने यहां 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन' के समापन के दिन कहा कि असम ने चार चालू रिफाइनरियों

### नागालैंड के लिए 2,106 करोड़ ऋण क्षमता का अनुमान

नाबार्ड NABARD

**कोहिमा।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नागालैंड में प्राथमिकता क्षेत्र की गतिविधियों के तहत 2025-26 के लिए 2,106.34 करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का अनुमान लगाया है। कृषि सलाहकार म्हाथुंग यंथन ने मंगलवार को यहां नाबार्ड द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में राज्य फोकस पेपर (एसएफपी) जारी किया, जिसमें यह अनुमान लगाया गया। एसएफपी के अनुसार, कुल अनुमान में से 712 करोड़ रुपये कृषि के लिए है।

# ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजट में मनरेगा, पीएम ग्रामीण आवास योजना की 75% हिस्सेदारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार की प्रमुख योजनाओं मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए आवंटन ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजटीय आवंटन का 75 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में ग्रामीण विकास मंत्रालय को 1,90,406 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। शोध संस्थान पीआरएस लेजिस्लेटिव ने रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने, आर्थिक विकास का समर्थन करने और गरीबों और कमजोरों के लिए आजीविका और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम लागू करने वाले ग्रामीण विकास विभाग को राशि आवंटित की गई। राशि 2024-25 के संशोधित अनुमान से आठ प्रतिशत अधिक है। जबकि भूमि संसाधन विभाग को 2,651 करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 35 प्रतिशत अधिक है। भारत में 2021 की स्थिति के अनुसार, 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है।

### मनरेगा को मिला 46 फीसदी

मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत ग्रामीण परिवारों के वयस्कों के लिए एक वित्त वर्ष में 100 दिन का गारंटीशुदा रोजगार प्रदान किया जाता है। सरकार की इस प्रमुख योजना के लिए बजट ग्रामीण विकास विभाग के लिए कुल आवंटन का 46 प्रतिशत है। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को विभाग के कुल आवंटन का लगभग 29 प्रतिशत हिस्सा मिला। दोनों योजनाओं के लिए आवंटन कुल बजटीय आवंटन का 75 प्रतिशत है।

### आवंटन सालाना औसतन 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा




पीआरएस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014-15 और 2025-26 के बीच, विभाग का बजटीय आवंटन सालाना औसतन 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। रिपोर्ट कहती है कि 2020-21 और 2022-23 के बीच, महामारी के दौरान अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विभाग को आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई थी। यह बढ़ा हुआ आवंटन मनरेगा और कल्याणकारी योजनाओं के लिए था। इसमें प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण शामिल है।

### 54,832 करोड़ रुपए आवंटित

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शुरुआत गांवों में आवास की मांग और आपूर्ति में अंतर को दूर करने के लिए की गई। योजना के तहत लक्ष्य 2022 तक सभी के लिए आवास सुनिश्चित करना था। इस योजना के लिए 54,832 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। यह 2024-25 के संशोधित अनुमान से 69 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार हालांकि, 2024-25 के संशोधित अनुमान के अनुसार, योजना के लिए आवंटित धनराशि का 41 प्रतिशत उपयोग नहीं किया गया था। सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना 2011 के आधार पर, गांवों में 4.03 करोड़ आवास की कमी का अनुमान है।

### श्रम और रोजगार मंत्रालय बना रहा योजना

# यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी रोजगार की शर्त नहीं, सबको होगा फायदा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्र सरकार यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने पर विचार कर रही है। यह स्वैच्छिक और अंशदायी होगी। इस पेंशन योजना के लिए रोजगार कोई शर्त नहीं होगी यानी इसमें आम नागरिक भी योगदान कर सकेंगे और फिर पेंशन पा सकेंगे। इस योजना का मकसद पारंपरिक रोजगार से परे सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना है। एक रिपोर्ट के अनुसार, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इस प्रस्तावित समग्र योजना पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है, जो मौजूदा पेंशन योजनाओं को एकीकृत करने की दिशा में बढ़ेगी।

इस योजना को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत बनाया जा रहा है। इसके अंतिम प्रारूप को तैयार करने के बाद अलग-अलग हितधारकों की राय ली जाएगी। नई योजना स्वैच्छिक होगी, यानी कोई भी इसमें शामिल हो सकेगा, चाहे उसके पास कोई नौकरी हो या नहीं। इससे असंगठित क्षेत्र के लोग, जैसे कि छोटे व्यापारी, स्वरोजगार करने वाले भी योजना में शामिल हो सकेंगे। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन और राष्ट्रीय पेंशन योजना जैसी मौजूदा पेंशन योजनाओं को मर्ज किया जा सकता है। ये योजनाएं रिटायरमेंट के बाद 3,000 की मासिक पेंशन प्रदान करती हैं, जिसमें 55 से 200 तक का योगदान किया जाता है, और सरकार भी इसमें बराबर का योगदान देती है।




### इनको मिलेगा फायदा

यह योजना खासकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, छोटे व्यापारियों, स्वरोजगार करने वालों और अन्य नागरिकों के लिए बनाई जा रही है। इसमें 18 साल या उससे अधिक उम्र के वे लोग शामिल हो सकेंगे, जो 60 साल के बाद पेंशन लाभ पाना चाहते हैं।

### राज्यों से भी अपील

केंद्र सरकार राज्यों को भी इस योजना में अपनी पेंशन योजनाओं को विलय करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। इससे पेंशन अंशदान को एक जगह लाया जा सकेगा। इससे पेंशन भुगतान में वृद्धि होगी। साथ ही, एक शख्स को अधिक पेंशन का लाभ लेने से भी रोका जा सकेगा।

### अटल पेंशन योजना होगी मर्ज

अटल पेंशन योजना को भी इस नए ढांचे में शामिल करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। सरकार बिल्डिंग एंड अदर कन्शट्रक्शन वर्कर एक्ट के तहत लिए गए उपकर को निर्माण श्रमिकों की पेंशन वित्तीय सहायता के लिए उपयोग करने पर भी विचार कर रही है।

### वृद्ध आबादी का बढ़ता दबाव

मौजूदा अनुमानों के अनुसार, 2036 तक भारत में वरिष्ठ नागरिकों (60 साल और उससे अधिक) की संख्या 22.7 करोड़ तक पहुंच सकती है। यह कुल आबादी का 15 पीसदी होगी। वहीं, 2050 तक यह आंकड़ा 34.7 करोड़ तक पहुंच सकता है, जो कुल जनसंख्या का 20 फीसदी होगा। इसके उलट अमेरिका, कनाडा, यूरोप, रूस और चीन जैसे देशों में पहले से ही सामाजिक सुरक्षा प्रणाली मौजूद है। इसमें पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं और बेरोजगारी भत्ता शामिल हैं। डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, नीदरलैंड्स और न्यूजीलैंड जैसे देशों में यूनिवर्सल पेंशन योजनाएं पहले से ही लागू हैं।

### भारत में मौजूदा सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था

अभी भारत की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था मुख्य रूप से भविष्य निधि, वृद्धावस्था पेंशन और गरीब वर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा तक सीमित है। इस प्रस्तावित यूनिवर्सल पेंशन योजना का उद्देश्य इन योजनाओं के दायरे का विस्तार करना और एक समावेशी और सतत पेंशन प्रणाली तैयार करना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

# भारत को 7 प्रतिशत तक वृद्धि दर के लिए उछाल की जरूरत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



लेखा और परामर्श कंपनी ईवाई ने बुधवार को कहा कि भारत को 6.5 से 7.0 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने के लिए जीडीपी में बदलाव के अनुपात में कर राजस्व में वृद्धि यानी कर में 1.2 से 1.5 उछाल की जरूरत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सरकार को राजस्व संग्रह को मजबूत करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से कर-से-जीडीपी अनुपात को वित्त वर्ष 2025-26 के अनुमानित 12 प्रतिशत से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2030-31 तक 14 प्रतिशत करना होगा।

ईवाई ने कहा कि भारत की राजकोषीय रणनीति को जीडीपी में बदलाव के अनुपात में कर राजस्व बढ़ाने, विवेकपूर्ण व्यय प्रबंधन और सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए निरंतर संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट रणनीतिक रूप से विकास की अनिवार्यताओं के साथ राजकोषीय मजबूती को संतुलित करता है। श्रीवास्तव ने कहा, 'हालांकि, भारत को 6.5 से 7.0 प्रतिशत की मध्यम अवधि की वृद्धि दर हासिल करने और अपने विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, यह सुनिश्चित करना होगा कि कर उछाल 1.2 से 1.5 के दायरे में बना रहे।

### सकल कर राजस्व में उछाल कमी

ईवाई इंडिया इकनॉमी वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन साल में, सकल कर राजस्व में उछाल धीरे-धीरे कम हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 1.4 से वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान के अनुसार 1.15 पर आ गया। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में इसके 1.07 रहने का अनुमान है। ईवाई रिपोर्ट में कहा गया, "कर उछाल 1.2 से 1.5 प्रतिशत के दायरे में बनाए रखने से भारत सरकार को 6.5 से 7.0 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिल सकती है।" अगले वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# स्टारबक्स बिक्री में भारी गिरावट से 1100 कर्मचारियों की करेगी छंटनी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कॉफी चेन कंपनी स्टारबक्स ने वैश्विक स्तर पर 1,100 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी की है। इसके सीईओ ने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि कॉफी की दिग्गज कंपनी 1,100 कॉर्पोरेट कर्मचारियों को बर्खास्त कर रही है, जो बिक्री में गिरावट के बीच कॉफी चेन की पुनर्गठन की दिशा में उठाया गया नया कदम है। कंपनी के नए चेयरमैन और सीईओ ब्रायन निकोल ने परिचालन को ठीक करने के लिए यह कदम उठाया है। स्टारबक्स के सीईओ ब्रायन निकोल ने उन ग्राहकों को वापस लाने का संकल्प लिया है, जो 8 डॉलर के लैटे और लंबे इंतजार के समय से मना नहीं करते हैं। इससे हाल के महीनों में बिक्री पर भी दबाव पड़ा है। स्टारबक्स सीईओ ने कंपनी के लिए रिस्ट्रक्चरिंग प्लान के तहत इस ले ऑफ का एलान किया है। स्टारबक्स ने एलान किया कि वह 1,100 कॉर्पोरेट कर्मचारियों को नौकरी से निकालने और कई सौ खाली या रिक्त पदों को बंद करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यह छंटनी कंपनी के इतिहास में सबसे बड़ी है। सीईओ ब्रायन निकोल ने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा, 'हमारा इरादा अधिक कुशलता से काम करना, जवाबदेही बढ़ाना, जटिलता कम करना और बेहतर एकीकरण करना है।




### दुनियाभर में 16 हजार कर्मचारी

स्टारबक्स के दुनियाभर में 16 हजार कर्मचारी हैं। कंपनी के कुछ कर्मचारी छंटनी से प्रभावित नहीं होंगे। इसमें रोस्टिंग, वेयरहाउस, कंपनी के स्टोर्स में काम करने वाले बैरिस्टा कर्मचारी शामिल हैं। जनवरी में निकोल ने कहा था कि मार्च की शुरुआत में छंटनी की घोषणा की जाएगी। सभी कामों की देखरेख किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा की जानी चाहिए जो निर्णय ले सके। हमारा आकार और संरचना हमें धीमा कर सकती है।

### वैश्विक बिक्री में कमी

बीते एक साल में स्टारबक्स की वैश्विक बिक्री 2024 के वित्तीय वर्ष में 2 प्रतिशत तक कम हो गई है। निकोल ने कंपनी के स्टोर्स में यूनियन बनाने के दृष्टिकोण में भी बदलाव देखा है, क्योंकि स्टारबक्स वर्कर्स यूनाइटेड द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले कर्मचारियों ने अमेरिका भर में 500 से अधिक स्टोर्स में सफलतापूर्वक यूनियन बना ली है, जिनमें 10,500 से अधिक कर्मचारी हैं। इसके साथ ही जो कर्मचारियों इस छंटनी का शिकार होने वाले हैं, उन्हें 2 मई 2025 तक सैलरी और अन्य लाभ मिलते रहेंगे।

# ईपीएफओ ने दी राहत, यूएन एक्टिवेशन और आधार लिंक की बढ़ाई डेडलाइन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत दी है। उसने यूनिवर्सल अकाउंट नंबर को एक्टिव करने और बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करने की डेडलाइन को बढ़ा दिया है। अब यह जरूरी काम 15 मार्च 2025 तक किया जा सकता है। यह डेडलाइन 15 फरवरी 2025 को खत्म हो गई थी। ईपीएफओ की सभी ऑनलाइन सर्विसेज का लाभ उठाने के लिए यूएन एक्टिवेट करना जरूरी है। ईपीएफओ ने यह जानकारी अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के जरिए साझा की है। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर 12 अंकों का होता है।




# सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए पेटीएम के साथ किया समझौता

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने पेटीएम के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत कंपनी स्टार्टअप को मार्गदर्शन, बुनियादी ढांचा समर्थन, बाजार पहुंच तथा वित्त पोषण के अवसर उपलब्ध कराएगी। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और विनिर्माण व वित्तीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के विकास में तेजी लाने के लिए पेटीएम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।





### चुनौतियों से निपटने का लक्ष्य

डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा, 'पेटीएम की वित्तीय प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर, हमारा उद्देश्य उद्यमियों को चुनौतियों से निपटने तथा उनके उद्यमों को बढ़ाने में सहायता करना है।' शर्मा ने कहा कि पेटीएम मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुंच के माध्यम से उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# व्यापार मंत्री और निवेश मंत्री ने भारत दौरे पर किए 17 समझौते

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन ने बुधवार को कहा कि उसके व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स और निवेश मंत्री पॉपी गुस्ताफसन ने इस सप्ताह भारत की अपनी यात्राओं में 17 नए निर्यात एवं निवेश सौदों की घोषणा की। इसके साथ ही ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि भारत सरकार के हालिया केंद्रीय बजट से ब्रिटिश बीमा कंपनियों को भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए और अधिक अवसर मिलेंगे। सोमवार को रेनॉल्ड्स और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत दोबारा शुरू करने की घोषणा की। इससे रोजगार को बढ़ावा मिलने और दोनों देशों में वृद्धि तेज होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक, आम बजट 2025-26 से खासकर ब्रिटिश बीमा कंपनियों की भारत में विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं।

# अपग्रेड 100 करोड़ रुपए से बनाएगी एआई इनक्यूबेटर




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी अपग्रेड ने पढ़ाई और कौशल विकास में नवाचार को बढ़ावा देने के मकसद से 100 करोड़ रुपए से एक एआई इनक्यूबेटर बनाने का फैसला किया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'एआई इनक्यूबेटर' कृत्रिम मेधा के लिए समर्पित नवोन्मेषण कार्यक्रम होता है, जिसके जरिये एक सीमित समय में किसी एआई प्रक्रिया या उत्पाद तक पहुंच बनाई जा सकती है।

अपग्रेड के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉनी स्क्रूवाला ने बातचीत में कहा कि स्कूल और कॉलेजों के पाठ्यक्रम के बाहर कौशल और पढ़ाई का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और इस खंड के लिए अभिनव तरीके तलाशने की जरूरत है। स्क्रूवाला ने कहा, 'हम इस उद्देश्य के लिए 100 करोड़ रुपये लगा रहे हैं।

### मूल्यांकन के खेल में उलझना नहीं

इसके साथ ही स्क्रूवाला ने कहा कि अपग्रेड फर्मों के मूल्यांकन के खेल में नहीं उलझना चाहती है क्योंकि यह स्टार्टअप के लिए बहुत बोझिल हो जाता है। हालांकि, अपग्रेड यह सुनिश्चित करना चाहेगी कि ये कंपनियां किफायती ढंग से नवाचार करें। अपग्रेड ने इसके पहले महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से 2,150 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक एआई उत्कृष्टता केंद्र बनाने की दावोस में घोषणा की थी। इसके अलावा कंपनी ने एक साल में 10 लाख भारतीय पेशेवरों को एआई में प्रशिक्षित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी भी की है।

### एक समूह बनाने की योजना

स्क्रूवाला ने कहा कि कंपनी एआई क्षेत्र मे सक्रिय स्टार्टअप कंपनियों का एक समूह तैयार करेगी जिनका अंतिम लक्ष्य सीखने और कौशल क्षेत्र को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि 'अपग्रेड एआई इनक्यूबेटर' ऐसी कंपनियों का समर्थन करेगी जो लागत-कुशल वृद्धि, सामग्री निर्माण को प्रोत्साहन, एआई-संचालित प्रणालियों के माध्यम से एक साथ कई बच्चों को ऑनलाइन ट्यूशन देने में सक्षम बनाने से जुड़ी हैं।

### पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दी जानकारी

# पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण 20% से अधिक करने पर विचार

एजेंसी ▸▸| गुवाहाटी

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 प्रतिशत से अधिक करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर विचार करने के लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। 'एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन' में पुरी ने कहा कि 19.6 प्रतिशत सम्मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है।

पुरी ने कहा, 'हम 20 प्रतिशत से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार कर रहे हैं। नीति आयोग समूह का गठन पहले ही किया जा चुका है और वे इस पर विचार कर रहे हैं। हमने 2026 तक 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 प्रतिशत हासिल कर चुके हैं। मुझे यकीन है कि हम अगले महीने 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे।' उन्होंने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण की क्षमता है और पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है.. वह है हरित हाइड्रोजन।






### ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव आएगी

पुरी ने हाइड्रोकार्बन पर सत्र में उपस्थित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और निजी ऊर्जा कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा, 'हरित हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान में 4.5 अमेरिकी डॉलर है। यदि आप इसे 2.5 अमेरिकी डॉलर के करीब ला सकें, तो क्रांति आ जाएगी। हम पारंपरिक ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव देखेंगे।'

### स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहे देश

पुरी ने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसके लिए अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा और मांगों को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा, 'भारत जैसी अर्थव्यवस्था जो छह से सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, उसे ईंधन की जरूरत है। स्वच्छ भविष्य के लिए हमें वर्तमान में टिके रहने की जरूरत है।' पुरी ने कहा कि भले ही भारत के सामने विकास संबंधी चुनौतियां है लेकिन सभी जीवाश्म ईंधन उत्पादन कंपनियां 2045 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल कर लेंगी। हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण और उत्पादन पर पुरी ने कहा कि 2030 तक उत्पादन 50 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## दिव्य, भव्य सनातनी ....

श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। उन्होंने कहा, त्रिभुवनपति भगवान शिव और पुण्य सलिला मां गंगा सभी का कल्याण करें, यही प्रार्थना है। हर हर महादेव। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व पर तड़के चार बजे से ही व्यवस्था की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष में पहुंच गए। गोरखपुर प्रवास के चलते उनके लिए गोरखनाथ मंदिर में ही नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां वह स्नान पर्व पर पल-पल की निगरानी करते नजर आए। 'पुष्प वर्षा' के प्रभारी वी के सिंह ने बताया कि स्नानार्थियों पर हर बार गुलाब की 20 क्विंटल पंखुड़ियों की वर्षा कराई गई और कुल 120 क्विंटल पंखुड़ियों की पुष्प वर्षा कराई गई है। उन्होंने बताया कि पहले दौर में सुबह आठ बजे पुष्प वर्षा कराई गई तथा सभी घाटों पर छह बार पुष्प वर्षा कराई गई। प्रत्येक 12 वर्ष में आयोजित होने वाले महाकुंभ में पहला स्नान पर्व 13 जनवरी को हुआ था। आज अंतिम स्नान पर्व है और महाशिवरात्रि पर ब्रह्ममुहूर्त से ही देश के कोने कोने से श्रद्धालु महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंचे। महाकुंभ मेले के छह स्नान पर्वों में तीन स्नान पर्व अमृत स्नान के थे। ये 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर संपन्न हुए। सभी 13 अखाड़े अमृत स्नान करके मेले से विदा हो चुके हैं। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मेला और जिला प्रशासन ने महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर ही जिले और मेला क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित कर दिया।

## मुख्यमंत्री साय का....

गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'छावा' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि ऐतिहासिक परंपराओं, वीरता और स्वाभिमान की गाथा है, जिसे हर नागरिक को देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह फिल्म युवा वर्ग को प्रेरित करेगी और छत्रपति संभाजी महाराज के शौर्य, बलिदान और नेतृत्व को व्यापक रूप से प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय के इस फैसले से राज्य के सिनेमाघरों में फिल्म देखने के इच्छुक दर्शकों को मूल्य में राहत मिलेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग इसे देख सकेंगे और भारतीय इतिहास की समृद्ध विरासत से प्रेरणा ले सकेंगे।

## एक ही नाम, एफिलेशन ....

विद्यालयों को शैक्षणिक बुनियादी ढांचे के संदर्भ में अलग-अलग संसाधनों की व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने बताया कि अगर कोई छात्र शाखा विद्यालय से मुख्य विद्यालय में दाखिला लेना चाहे तो यह प्रकिया निर्बाध होगी और नियमों के अनुसार इसे नया प्रवेश नहीं माना जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य स्कूल में छठी कक्षा से 12वीं तक की कक्षाओं के संचालन की अनुमति दी गई है जबकि शाखा स्कूल में प्री-प्राइमरी से पांचवी तक की कक्षाएं होंगी। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया, दोनों विद्यालयों का प्रबंधन और स्वामित्व एक ही होगा और प्रशासनिक तथा शैक्षणिक प्रक्रिया भी एक ही होंगी।

## मंदिर से लौटते ....

43 पर जैसे ही वाहन सवार बालमपुर टीबीसीएल प्लांट के समीप पहुंचे अंबिकापुर से सीतापुर की ओर जा रहे कंटेनर क्रमांक सीजी 15 ईसी 2055 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बोलेरो वाहन को टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के बाद कंटेनर का चालक कुछ दूर जाने के बाद वाहन छोडकर फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो वाहन बुरी से क्षतिग्रस्त हो गया जबकि ग्रामीण वाहन में ही फंस गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह घायलों को बाहर निकालने के साथ ही घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सीतापुर व बतौली पुलिस की टीम द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालने के साथ ही एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया।

## भड़का लोगों का ....

कंटेनर को आग के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा स्थिति को नियंत्रण में लेने के साथ ही कंटेनर में लगी आग को बुझाया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

## सीएम ने जताया ....

पहुंचाया गया है। प्रशासन को बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के निर्देश दी गए है। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शान्ति एवं शोकाकुल परिजन को संबल प्रदान करने व घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## रायपुर में 25 ब्लैक...

ज्यादा हुए। रोड सेफ्टी सर्वे में यह बात सामने आई है कि रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव और रायगढ़ समेत अन्य जिलों के नेशनल हाईवे पर सबसे अधिक हादसे इसलिए हो रहे हैं कि रोशनी की व्यवस्था न होने से रात में अंधेरे में ये डूबे रहते हैं। इसके कारण वाहन सवार सामने से आ रहे वाहन से टकराकर काल के गाल में समा रहे हैं। मरने वालों में ज्यादातर दोपहिया वाहन सवार हैं।

## आपराधिक मामलों में दोषी...

में कहा गया है, यह दलील दी गई है कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों के व्यापक प्रभाव हैं और वे स्पष्ट रूप से संसद की विधायी नीति के अंतर्गत आते हैं तथा इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में उपयुक्त परिवर्तन करना पड़ेगा। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर दोषी करार दिये गए राजनीतिक नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के अलावा देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के त्वरित निस्तारण का अनुरोध किया है। अपने हलफनामे में, केंद्र ने रेखांकित किया कि शीर्ष अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधायी विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता।

## तीन दिन में पकड़ी ...

शराब मिली थी। जिसे पुलिस द्वारा ट्रक सहित जब्त कर आरोपी ट्रक चालक श्रवण सिंह पिता स्वर्ण सिंह उम्र 43 वर्ष निवासी चंबा थाना श्रेहाली जिला सरनताल (पंजाब)को गिरफ्तार किया था। मामले में बड़े सिंडिकेट के शामिल होने की संभावना पर जशपुर पुलिस मामले में जांच कर रही थी। पुलिस की पूछताछ तथा आरोपी ट्रक चालक से जब्त मोबाइल के डाटा के आधार पर पुलिस को अवैध अंग्रेजी शराब से भरी एक और ट्रक के बारे में पता चलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर थाना दुलदुला से निरीक्षक केके साहू व सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र भगत के साथ पुलिस टीम अनूपपुर मध्य प्रदेश रवाना की गई थी,वहां साइबर सेल जशपुर की मदद से पुलिस द्वारा संदेही ट्रक को जब्त किया गया।

## जंगल में नक्सलियों की...

थाना क्षेत्र में खोले गए नवीन कैम्प गोमगुड़ा क्षेत्र से बुधवार को पीएलजीए बटालियन के कोर जोन मीनागट्टा के जंगल में नक्सलियों के छुपाए हुए भारी मात्रा में डंप मेडिकल उपकरण मशीन ,कटर मशीन सहित लॉजिस्टिक सामग्री सुरक्षा बलों ने बरामद किया। मीनागट्टा के जंगल क्षेत्र मे नक्सलियों की उपस्थित की सूचना पर कोबरा, सीआरपीएफ व जिला बल की संयुक्त टीम नक्सल गस्त सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। सर्चिंग के दौरान पहली बार माओवादियो के द्वारा आंखों की जांच के लिए इस्तेमाल में लाए गए मशीन की बरामदगी की गई।

## हारे हुए को थमा दिया ...

शिकायत आवेदन देकर मामले की जांच की मांग की गई। साथ ही चुनाव आयोग को भी इस संबंध में शिकायत करने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के भरतपुर तहसील अंतर्गत त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 का तीसरे व अंतिम चरण का मतदान 23 फरवरी को संपन्न हुआ और 25 फरवरी को जीते हुए प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया, तब भारी गड़बड़ी का खुलासा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार भरतपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत ओहनियां में 23 फरवरी को संपन्न हुए मतदान के बाद मतदान कर्मियों ने मतगणना की, तब सरपंच प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह को सर्वाधिक मत मिले, इसके बाद जगत बहादुर व उनके समर्थकों के द्वारा जमकर जश्न मनाया, लेकिन दो दिन बाद 25 फरवरी को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा हारे हुए प्रत्याशी जयकरण सिंह के नाम जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, इसकी जानकारी जीते प्रत्याशी जगत बहादुर व समर्थकों को मिली तो चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए नाराजगी व्यक्त की गई और मामले की जांच के लिए तहसीलदार भरतपुर को लिखित शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की गई।

## सर्वाधिक मत पाकर...

प्रत्याशी जयकरण को जगत नारायण से काफी कम मत प्राप्त हुआ, जिसका गणना परिणाम भी उन्हें दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ओहनिया में दो मतदान केन्द्र बनाए गए थे, इनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 137 तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 138 बनाए गए थे। मतदान संपन्न होने के बाद मतदान केन्द्र 137 में सरपंच प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह को 62 तथा जयकरण सिंह को 17 मत प्राप्त होने का गणना परिणाम प्रदान किया गया।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुदमार दर्द, एड़ी दर्द एवं पीठ के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभंग, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769 नकली माल से सावधान

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

आवश्यकता है-थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 8000, सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 8109900011 (36958)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक, गेट नं.-1, बुधवारी बाजार, बिलासपुर 9300635599 (36952)

आवश्यकता है-घर की साफ सफाई हेतु महिला की आवश्यकता है। समय सुबह 9 से दोपहर 2 (5घंटे) वेतन 200 से 250/- रोजी सम्पर्क- रामा वर्ल्ड, सिरगिट्टी मोड़, रायपुर रोड, बिलासपुर, 93406 00776 (36961)

आवश्यकता है-जनरल कॉस्ट हिन्दू दम्पति उम्र 52-55 के घर में खाना बनाने, साफ सफाई, घर की देखभाल हेतु आवश्यकता है रहने की सुविधा वेतन 20-22 हजार सम्पर्क- विनोबा नगर बिलासपुर 9575302594 (0581)

आवश्यकता है-नर्सिंग स्टाफ (BSc नर्सिंग GNM) OT टेक्नीशियन, X-Ray टेक्नीशियन, PRO, कुक, ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- मूंदड़ा हॉस्पिटल, गंगा नगर फेस-2 बिलासपुर 8349054531 (36950)

आवश्यकता है-हार्डवेयर एवं लोहा दुकान में कार्य हेतु अनुभवी लड़का चाहिए (कार चलाना जानता हो) बायोडाटा सहित शाम 4बजे के बाद सम्पर्क करें बालाजी सेल्स कार्पोरेशन, मंगला चौक बिलासपुर 9827152999, 6263256324 (36955)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने हेतु बीजी सॉफ्टवेयर जानकार कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- माँ अम्बे रेडीमेड लैण्डमार्क काम्प्लेक्स के सामने करबला रोड बिलासपुर 8959395941 (36954)

आवश्यकता है-हम अपने प्रियजनों के लिए अनुभवी, विश्वसनीय होम केयर नर्स की तलाश में है। जो टीटी, सक्सन, दवाई एवं 10 से 12घंटे की सेवा दे सके योग्य नर्स अथवा सिफारिश हेतु सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर राजीव विहार बिलासपुर 9109574002, 8349807004 (36923)

आवश्यकता है-बिलासपुर विनोबा नगर, तिफरा बोदरी, चकरभाठा, बेलमुण्डी हेतु सुरक्षागार्ड की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार तीन फोटो आधार कार्ड सहित तत्काल सम्पर्क करें- 77738 95202, 8109314893 (36959)

आवश्यकता है-नल, पाइप फिटिंग सैनिटरी के थोक दुकान में काम करने हेतु अनुभवी फील्ड सेल्समैन एवं लड़के चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार पता- गीता ट्रेडर्स, काली मंदिर के पास, तिफरा 9179017779, 97523 17779 (36960)

आवश्यकता है-शैल वस्त्रालय में अनुभवी सेल्समैन सेल्सगर्ल मेन्स एण्ड वुमैन वियर हेतु- 4, हेल्पर- 4, फोल्डर- 2, अटेंडर- 1 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शैल वस्त्रालय, मेन रोड सत्यम चौक के पास, मसानगंज बिलासपुर 9238107105, 9238107108 (36956)

आवश्यकता है-एक प्रशिक्षित पढ़ा लिखा सेल्समैन चाहिए जिसे मार्केटिंग का अनुभव हो सम्पर्क करें- 12 से 1बजे तक हरपालदास एण्ड सन्स सोनथलिया एजेन्सी के सामने, जोन-2 व्यापार विहार बिलासपुर 7509012125, 9993810000 (36953)

आवश्यकता है-हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु नर्स (BSc नर्सिंग) टेक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर मार्केटिंग स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 5 से 7बजे तक सांईबाबा हॉस्पिटल रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 9827150429 (36949)

आवश्यकता है-सामान निकालने एवं पेमेंट वसूली हेतु कर्मचारी चाहिए सम्पर्क करें- नमन इंटरप्राइजेज एंड कंस्ट्रक्शन त्रिवेणी भवन, पानी टंकी के पास, व्यापार विहार, बिलासपुर 7049063402, 8109333081 (36915)

आवश्यकता है-चश्मा शोरूम में काम करने हेतु सेल्समेन चाहिए वेतन 8000 से 15000 योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- गुरुनानक चश्मा राजीव प्लाजा जिला चिकित्सालय के सामने पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर (36945)

आवश्यकता है-सीमेन्ट की मार्केटिंग करने के लिए अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है जिसे 3वर्ष का अनुभव हो को प्राथमिकता आकर्षक वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 99934 43207, 9300307926 (36921)

आवश्यकता है-कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है एक्सपीरियंस और टैली के नॉलेज के साथ बेसिक जानकारी भी हो सम्पर्क करें- 8253010291 (36951)

आवश्यकता है-पति पत्नी एक साथ (परिवार वाले) काम करने वाले लेबर की आवश्यकता है बिलासपुर में रह कर काम करना है फेक्ट्री में सम्पर्क करें- 9425272222 (36957)

आवश्यकता है-मोबाइल दुकान मे काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (36944)

आवश्यकता है-कृषि भूमि सर्वे कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान एवं स्वयं का मोटर साइकिल होना आवश्यक है बायोडाटा सहित 70008 67969 पर अपना डिटेल भेजें (36946)

आवश्यकता है-क्लासिक आईस वर्ल्ड में पिकअप, कार चलाने हेतु अनुभवी दो ड्राइवर एवं सप्लाई हेतु दो युवक की तत्काल आवश्यकता है सम्पर्क करें-लक्ष्मी निवास के सामने, लोधीपारा सरकंडा, बिलासपुर 9827158819 (36948)

आवश्यकता है-दुकान एवं सेल में कार्य करने हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता समय सुबह समय 9बजे सम्पर्क करें- विशाल स्टोर मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827908228 (36928)

आवश्यकता है-फील्ड ऑफिसर, काउंसलर, टेलीकॉलर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 8000 से 20000 सम्पर्क करें- शीला शिखर कॉम्प्लेक्स, अशोक नगर चौक के पास, सीपत रोड सरकंडा, बिलासपुर 9244110169, 6267598299 (36937)

आवश्यकता है-ऑफिस में रिसेप्शनिस्ट/ मैनेजर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार ऑफिस टाईम शाम 6 से 9बजे सम्पर्क करें- स्टार डेवलपर्स एण्ड कंसल्टेंसी, बृहस्पति बाजार 9893082324 (36938)

आवश्यकता है-OMI कम्पनी में लड़के लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28वर्ष, आय 8500 से 18000+ रहना खाना पता- न्यू बस स्टैंड बिलासपुर 8818877406, 9644433021 (36932)

आवश्यकता है-फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937 (36927)

आवश्यकता है-ड्राइवर चाहिए बकुल अगरबत्ती में छोटा हाथी एवं वैन चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है, लाइसेंस सहित सम्पर्क करें- बकुल अगरबत्ती, गुरुद्वारे के पास मेन रोड दयालबंद बिलासपुर 8649999999 (36929)

आवश्यकता है-फेब्रिकेशन कार्य हेतु 2 वेल्डर, 4 हेल्पर एवं शटर कार्य हेतु शटर मिस्त्री की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार, आवास सुविधा है सम्पर्क करें- उमेश इंजीनियरिंग धुरीपारा, मंगला, बिलासपुर 9827173227, 9098220011 (36926)

आवश्यकता है-आफिस में बैठने हेतु युवक चाहिए बाइक चलाना जानता हो सम्पर्क करें- गगन फ्लैक्स 27खोली चौक बिलासपुर सुबह 11बजे से 2बजे तक एवं शाम 5बजे से रात 11बजे तक 9039768650 (36940)

आवश्यकता है-एकाउंटिंग हेतु महिला/ युवती चाहिए एवं हमाली हेतु लड़कों की जरूरत है वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इंडस्ट्रीज चन्द्रा कोल्ड स्टोरेज के पास इंडस्ट्रीयल एरिया तिफरा बिलासपुर 9755107990 (36918)

आवश्यकता है-मेडीकल एजेन्सी में सेल्समैन, पेमेन्ट कलेक्शन, टेलीकॉलर, पैकिंग कार्य आदि हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी, फ्रेशर सम्पर्क करें- सिटी केमिस्ट, 19, मेडिकल काम्प्लेक्स, केमिस्ट भवन के पास, बिलासपुर (36942)

आवश्यकता है-सुपर बाजार में काम करने लिए स्मार्ट युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- जय भोले सुपर बाजार कारगिल चौक के पास सिन्धी कालोनी बिलासपुर 70007 62795 (36931)

आवश्यकता है-इंदौर (मप्र) आकर ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 28वर्ष के अविवाहित लड़को की आवश्यकता है सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना+ट्रैवल फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 15000 से 20000 महीना कोई ज्वाइनिंग फीस नही ली जायेगी सम्पर्क करें- 9691458250, 70246 46229, 9575712101 (306)

आवश्यकता है-सीमेंट मार्केटिंग एवं बिजनेस बढ़ाने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है न्यूनतम अनुभव 3वर्ष, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। शीघ्र सम्पर्क करें- मीनाक्षी सेल्स, पुराना हाईकोर्ट के सामने, बिलासपुर 9754002100 (36865)

आवश्यकता है-कपड़े के शोरूम में कार्य करने के लिए दो अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 11000 तक सम्पर्क करें- रूपवर्षा, गोल बाजार सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 9827163669 (36899)

आवश्यकता है-Cloud 9 स्पा एण्ड सेलून में काम करने के लिए तोरवा में महिला टेलीकॉलर, महिला थैरेपिस्ट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 6399166000 (36933)

आवश्यकता है-यूटीएन शॉप में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000 से 15000 पता- शॉप नं.-16, फर्स्ट फ्लोर सीएसी. प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 7999594790, 07752-491771 (36909)

आवश्यकता है-चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों और लेबर कार्य हेतु पुरुष एवं ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर 7469980000, 0771-4075490 (6230)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों/ महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 तक सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस, सम्पर्क करें- मंगला चौक बिलासपुर 80851 06943 (3329)

आवश्यकता है-ड्राइवर चाहिए माल वाहक ऑटो चलाने के लिये ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सोनथलिया एजेन्सीज व्यापार विहार बिलासपुर 07752 405725 (36919)

आवश्यकता है-कम्प्यूटर आपरेटर सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं से स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई-5.7, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर रायपुर 7746000016, 77470 00019 (3160)

आवश्यकता है-नौकरी का अवसर सिविल साइट सुपरवाइजर मुख्य जिम्मेदारिया साइट संचालन की निगरानी, प्रबंधन गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना, ठेकेदारों, श्रमिकों के साथ समन्वय करना, परियोजना की प्रगति पर नजर रखना,प्रबंधन को रिपोर्ट करना योग्यता निर्माण साइट सुपरविजन का अनुभव मजबूत नेतृत्व, संगठनात्मक कौशल निर्माण सामग्री, सुरक्षा प्रोटोकॉल का ज्ञान स्थान सरकंडा बिलासपुर अभी आवेदन करें-79700 10958 (3336)

आवश्यकता है-अम्बे ग्रुप बिलासपुर में रियल एस्टेट फर्म में टेलीकॉलिंग हेतु 4 लड़की, मार्केटिंग फील्ड हेतु 4 लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर बिलासपुर 7987236607, 8234952997 (36924)

आवश्यकता है-रिसेप्शनिस्ट (कम्प्यूटर नॉलेज अनिवार्य) एवं सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अंकुर ट्रामा सेन्टर एण्ड नर्सिंग होम उसलापुर रोड बिलासपुर 9827162325, 7400730011 (36914)

आवश्यकता है-सीए आफिस में काम करने हेतु चपरासी (प्यून) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 4 से 8बजे तक पलाश पमनानी एंड एसोसिएट्स सिन्ध ऑटो स्टोर्स के पास गांधी चौक बिलासपुर (36930)

आवश्यकता है-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 8981475043, 74397 36348 (704)

आवश्यकता है-होटल में कार्य महिला/ पुरुष पोस्ट वेटर, सफाई कर्मचारी, कुक/ शेफ किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, रेस्टोरेंट, मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट कार्य जानकार को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- होटल अपना केसरी होटल शिव-प्रभा, पावर हाऊस भिलाई 9893215251, 8966981590 (690)

आवश्यकता है-फर्नीचर शोरूम में मेहनती लड़कों की आवश्यकता है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- सुधा सेल्स सत्या शोरूम के बाजू में नूतन चौक सरकण्डा बिलासपुर 9630626856 (36867)

आवश्यकता है-छोटा हाथी टाटा एस चलाने के लिए दो ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शारदा एजेन्सी दीनदयाल गार्डन के सामने व्यापार विहार बिलासपुर 9926124555, 70677 77789 (36796)

आवश्यकता है-मुंगेली जिला में टेलीशॉपिंग कम्पनी में डिलीवरी बॉय की आवश्यकता है। वेतन 10000+ पेट्रोल एवं मोबाइल खर्च, स्वयं का वाहन अनिवार्य सम्पर्क करें- आदर्श चौक, राजा तालाब, रायपुर 8889870000 (1637)

आवश्यकता है-टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद 8000 से 10000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- टिकरापारा बिलासपुर 81096 63444, 7222997608 (3327)

आवश्यकता है-सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 14500 से 18000 सम्पर्क करें- टैंगो सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड ऑफिस 603 ऑरेंज हाइव 6th फ्लोर मोवा रायपुर 8109070600, 78692 30888 (2476)

आवश्यकता है-टेलीकालिंग ऑफिस कार्य हेतु महिलाएं युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक समय 9 से शाम 5, सैलरी 5000 से 15000 सम्पर्क करें-स्मार्ट रोड नेहरु नगर गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 (1380)

आवश्यकता है-वन विभाग तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वन रक्षक, फील्ड ऑफिसर, माली, सिपाही, ड्राइवर, वेतन- 27500 से 52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, मार्क शीट, पैन कार्ड व्हाट्सएप करे- 7460994309 (701)

आवश्यकता है-ऑफिस टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद 8000 से 10000 प्रति महीना शीघ्र सम्पर्क करें- बिलासपुर 8085899216 (3337)

## बेचना है

बेचना है-बिलासपुर में श्रीराम टावर व्यापार विहार के प्रथम तल एफ ब्लॉक में 1500 वर्गफुट का हॉल/ ऑफिस मार्बल लगा हुआ दो बाथरूम अटेच, लिफ्ट सुविधा के साथ बेचना है सम्पर्क करें- 9425219078 (36941)

बेचना है-बिलासपुर में (1) मुंगेली नाका के पास DSS काम्प्लेक्स में दुकान (2) कुदुदण्ड स्थित भाग्यश्री अपार्टमेंट में 2BHK फ्लैट (3) रायपुर रोड में जमीन बेचना है सम्पर्क करें- 9893078422 (36916)

बेचना है-बलराम टॉकीज रोड में स्टेट बैंक के पास दुकान साइज 10×12 नीचे एवं 10×12 ऊपर की दुकान बेचना है सम्पर्क करें- 9926127230 (36925)

## व्यापार

व्यापार-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रति माह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट सम्पर्क करें-APS इंटरप्राईजेस रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर- 8359913999, 95892 88936 रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871 (3194)

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# 51 साल की उम्र में भी नहीं बदला तेंदुलकर का अंदाज, मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए भले ही लंबा समय हो गया है, लेकिन अभी भी उनके खेलने का अंदाज नहीं बदला है। सचिन फिलहाल अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में हिस्सा ले रहे हैं, जहां वह इंडिया मास्टर्स की कप्तानी संभाल रहे हैं। सचिन ने इंग्लैंड मास्टर्स के खिलाफ 21 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली जिससे इंडिया मास्टर्स ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।

### चौकों-छक्कों से झूमे दर्शक

मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने 132 रन का लक्ष्य 11.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान तेंदुलकर ने क्रिस शॉफील्ड की गेंद पर आउट होने से पहले पांच चौके और एक छक्का लगाकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का मनोरंजन किया। सचिन ने बल्लेबाजी के दौरान कई शानदार शॉट्स खेले और अपने खेलने के दिनों की याद दिला दी। सचिन की पारी देखकर स्टेडियम पर मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे।



### मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत

घरेलू टीम के लिए गुरकीरत सिंह मान ने 35 गेंद में नाबाद 63 रन की पारी खेली, जबकि युवराज सिंह 14 गेंद में 27 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे इंडिया मास्टर्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड मास्टर्स को आठ विकेट पर 132 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने तीन जबकि तेज गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन और बाएं हाथ के स्पिनर पवन ने दो-दो विकेट लिए।

### सचिन का करियर

सचिन तेंदुलकर के नाम टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। मास्टर ब्लास्टर ने भारत के लिए 200 टेस्ट मैच खेले जिनमें 15921 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 51 शतक और 68 अर्धशतक लगाए। वहीं, 463 वनडे मैचों में उनके बल्ले से 18426 रन निकले जिनमें 49 शतक और 96 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा सचिन ने भारत के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेला है।

### कोहली तोड़ सकता है सौ शतक का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुंबई के धुरंधर वसीम जाफर का मानना है कि विराट कोहली अगले तीन चार साल और खेल सकता है और सचिन तेंदुलकर का सौ अंतरराष्ट्रीय शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकता है। छत्तीस वर्ष के कोहली ने दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में पाकिस्तान पर छह विकेट से मिली जीत में अपना 82वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। जाफर ने इंडिया कारपोरेट टी20 बैश के लांच के मौके पर कहा, 'एक क्रिकेटप्रेमी के तौर पर आप विराट को ज्यादा से ज्यादा खेलते देखना चाहते हैं। मुझे यकीन है कि सभी चाहते हैं कि वह तीन चार साल और खेलकर सारे रिकॉर्ड तोड़े। वह शतकों का रिकॉर्ड तोड़ सकता है। जब सचिन तेंदुलकर ने सौ शतक बनाए तो लगा था कि इसे कोई नहीं तोड़ सकेगा लेकिन 2010 से जिस तरह से विराट ने रन बनाए हैं तो लगता है कि वह इस असंभव को संभव कर सकता है। अगर विराट रिकॉर्ड तोड़ता है तो सचिन तेंदुलकर को बहुत खुशी होगी।'



एक गेंद शेष रहते रोमांचक मुकाबले में आठ रन से हराया

# जदरान और अजमतुल्लाह ने अफगानिस्तान को दिलाई जीत

### इंग्लैंड चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

इब्राहिम जदरान के रिकार्ड 177 रन और तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजइ के पांच विकेट की मदद से अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में बुधवार को इंग्लैंड को आठ रन से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया। इंग्लैंड की टीम दो मैच हार चुकी है और अब उसे ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में दक्षिण अफ्रीका से खेलना है जिसके आस्ट्रेलिया के बराबर तीन अंक हैं। अफगानिस्तान के अब दो अंक है और उसे अगले दौर में पहुंचने के लिए आखिरी ग्रुप मैच में आस्ट्रेलिया को हराना होगा। जीत के लिए 326 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो विकेट 30 रन पर गंवा दिए। उमरजइ ने 58 रन देकर पांच अहम विकेट लिए और एक गेंद बाकी रहते इंग्लैंड की पूरी टीम 317 रन पर आउट हो गई। जो रूट ने 111 गेंद में 120 रन बनाए। उन्होंने बेन डकेट (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 रन की और कप्तान जोस बटलर के साथ पांचवें विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की। इस मैच की विजेता टीम की ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रहेंगी और दूसरी टीम बाहर हो जाएगी।

जदरान का तूफान- सलामी बल्लेबाज जदरान के 177 रन की मदद से अफगानिस्तान ने सात विकेट पर 325 रन बनाए। जदरान ने 146 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और छह छक्के जड़े।




### चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च स्कोर

| रन | बल्लेबाज | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 177 | इब्राहिम जादरान | इंग्लैंड | 2025 |
| 165 | बेन डकेट | ऑस्ट्रेलिया | 2025 |
| 145* | नाथन एश्ले | अमेरिका | 2004 |
| 145 | एंडी फ्लावर | भारत | 2002 |
| 141* | सौरव गांगुली | द.अफ्रीका | 2000 |

### कपिल देव को पीछे छोड़ा

इब्राहिम जादरान अपनी इस पारी से भारत के पूर्व विश्व विजेता कप्तान कपिल देव को पीछे छोड़ दिया है। जादरान किसी आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में 150 से अधिक रन बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। जादरान ने यह उपलब्धि 23 साल 76 दिन की उम्र में हासिल की, जबकि कपिल ने 1983 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 24 साल 163 दिन की उम्र में 150 से अधिक रन बनाए थे।

### ओवरऑल 10वां शतक

जादरान ने चैंपियंस ट्रॉफी के करो या मरो मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया है। जादरान इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान के लिए शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में यह अब तक 10वां शतक है जो संयुक्त रूप से सर्वाधिक है। इससे पहले 2002 और 2017 में भी चैंपियंस ट्रॉफी में 10 शतक लगे थे। पाकिस्तान एकमात्र ऐसी टीम है जिसके लिए अब तक चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में किसी ने शतक नहीं लगाया है।

### आर्चर 50 विकेट पूरे करने वाले सबसे तेज इंग्लिश गेंदबाज

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ जारी चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह अपनी टीम के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने वाले गेंदबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने यह कारनामा सिर्फ 30 पारियों में किया जबकि महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने यह कारनामा 31 पारियों में किया था। आर्चर ने इस मुकाबले में रहमनुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल और रहमत शाह को अपना शिकार बनाया।

# बीएफआई चुनाव जल्द कराने की जरूरत, मैं खुद लड़ने को तैयार

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले और एकमात्र पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के जल्द से जल्द नए सिरे से चुनाव कराने की अपील करते हुए कहा कि अगर मौका मिला तो वह चुनाव लड़ने में संकोच नहीं करेंगे। बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता 39 वर्षीय विजेंदर अभी पेशेवर सर्किट में खेल रहे हैं हालांकि उन्होंने 2022 के बाद से कोई मुकाबला नहीं लड़ा है। विजेंदर ने कहा, 'जब भी चुनाव हों, मैं उनमें खड़ा होना चाहूंगा। मैंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया है, यह मेरे लिए एक और लड़ाई होगी। मुझे नहीं पता कि मुझे समर्थन मिलेगा या नहीं, लेकिन मैं चुनाव लड़ने से नहीं डरता। अगर मुझे बदलाव करने का मौका मिलता है तो मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने जा रहा हूं। ऐसा मैं कभी नहीं करूंगा।'



# कतर ओपन जीतने के 3 दिन बाद दुबई में पहले दौर में हारे रुबलेव

एजेंसी ▶▶| दुबई



रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव कतर ओपन खिताब के तीन दिन बाद दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से 3-6, 6-4, 7-6 (5) से हारकर बाहर हो गए। विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा।

एक अन्य मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 7-6 (4) से हराया। उनका अगला मुकाबला जियोवानी एमपेत्शी पेरिकार्ड से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से 6-2, 3-6, 6-3 से हार गए। नूनो बोर्जेस ने आठवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराया। दूसरे दौर में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट, माटेओ बेरेटिनी, फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओकोनेल शामिल हैं।

# गिल शीर्ष पर मजबूत कोहली 5वें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत को चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

गिल ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। उन्हें इससे 21 रेटिंग अंक मिले और अब उनके 817 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर अब उनसे 47 अंक पीछे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाने वाले विराट कोहली पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि केएल राहुल 15वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के विल यंग आठ पायदान चढ़कर 14वें और टॉम लैथम 11 पायदान चढ़कर 30वें स्थान पर आ गए है। वहीं रचिन रविंद्र 18 पायदान चढ़कर अब 24वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के एलेक्स कारी चार स्थान के फायदे के साथ 50वें और जोश इंगलिस 18 स्थान के फायदे के साथ 81वें स्थान पर हैं।

रणजी ट्रॉफी फाइनल

# मालेवार का नाबाद शतक विदर्भ की दमदार वापसी

एजेंसी ▶▶| नागपुर

युवा बल्लेबाज दानिश मालेवार के नाबाद शतक और अनुभवी करुण नायर के साथ 215 रन की साझेदारी की मदद से दो बार के चैंपियन विदर्भ ने खराब शुरुआत से उबर कर केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन बुधवार को यहां चार विकेट पर 254 रन बनाए। मालेवार 138 रन बनाकर खेल रहे हैं जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह दूसरा शतक है। नायर भी शतक के करीब थे लेकिन दिन के खेल के अंतिम ओवरों में वह आपसी गफलत के कारण रन आउट हो गए। उन्होंने 86 रन बनाए। इन दोनों ने तब जिम्मेदारी संभाली जब विदर्भ तीन विकेट पर 24 रन के स्कोर पर संकट में दिख रहा था। मालेवार और नायर ने चौथे विकेट के लिए बड़ी साझेदारी के दौरान 414 गेंद खेली। जब लग रहा था कि यह दोनों दिन का खेल समाप्त होने तक नाबाद रहेंगे तब वे एक अनावश्यक रन के लिए दौड़ पड़े और नायर को अपना विकेट गंवाना पड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 188 गेंद का सामना किया तथा आठ चौके और एक छक्का लगाया। मालेवार अभी तक 259 गेंद का सामना कर चुके हैं। उनकी पारी में 14 चौके और दो छक्के शामिल हैं।



## राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्रम सं. (1) ई-निविदा संख्या : DRM-ENGG -BSP-T-156-24-25. दिनांक 17.02.2025. कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक पर बोल्डर गिरने से रोकने के लिए किमी 799/1-7 अप और डाउन लाइन के बीच कटिंग का चौड़ीकरण और टी.बी.आर 47.101 किमी जैसे ट्रैक कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य: ₹ 7,47,52,089.92/-। अमानत राशि: ₹ 5,23,800.00/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह। निविदा जमा करने की आरंभ तिथि : दिनांक 310. 03.2025 के 11:00 बजे से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 24.03. 2025 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभियंता)
सीपीआर/10/513 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**(निर्माण संगठन)**
**ई-निविदा सूचना**

क्रमांक: निविदा-क्रमांक: सी.ई.सी./बी.एस.पी./24-25/20 दिनांक: 14.02.2025 (ओपेन ई-टेंडर) (सिंगल पैकेट सिस्टम) कार्य: "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में खरसिया - परमालकसा वाया नया - रायपुर (277.92 किलामीटर) के मध्य ब्रॉड गेज लाइन के दोहरीकरण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण, भूमि योजना तैयार करना, L-सेक्शन तैयार करना, भूमि-सीमा तय करना एवं भू-तकनीकी आदि कार्य।"
निविदा मूल्य: रु.3,10,95,642.80
अमानत राशि: रु. 3,05,500.00
निविदा दस्तावेज़ की लागत: शून्य
कार्य पूरा होने की अवधि: 06 (छै) महीना, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से।
(1) निविदा बन्द होने का समय एवं दिनांक: 11.03.2025 को 15:00 बजे तक।
(2) निविदा खोलने का समय एवं दिनांक: 11.03.2025 को 15:30 बजे।
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, अथवा, बिलासपुर पिन-495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर-पिन:492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबन्धक/पश्चिम/निर्माण/नागपुर/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर-पिन: 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।

उप-मुख्य अभियंता/निर्माण
CPR/10/FL/514 द.पू.म. रेलवे बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**South East Central Railway**
**E-TENDER NOTICE**

Tender No. 19-SNT-GatiShakti-BSP
Date:17.02.2025
Name of Work: Provision of Distributed Electronic Interlocking and Indoor/Outdoor Signalling & Telecom work along with cable clearance to facilitate Engineering Earth work & other signalling works in relation to URGA yard remodelling for CERL & CEWRL connectivity at URGA yard of Bilaspur Division of South East Central Railway
Tender value :17,49,45,822.81/- (Rs. Seventeen crore forty-nine lakhs Forty- Five thousand eight hundred twenty-two and eight one paise only.)
Earnest Money: 10,24,700/- (Rs. Ten lakhs twenty-Four thousand seven hundred only.) Tender Closing date: up to 15:00 Hrs. on 12.03.2025.
For further details/purchase of tender document, eligibility criteria & the complete details for "e-tender' document, please contact website https://www.ireps.gov.in.
The tender is floated by Gati Shakti department of Bilaspur Division.

Dy. CSTE/GSU/BSP
CPR/10/AM/512 S.E.C.Railway, Bilaspur
South East Central Railway @secrail




## शब्द पहेली - 5791



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरूम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

■ मंगल सेनाचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली - 5790 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5801

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE


■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5800 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# विरासत
छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा


छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव देश और प्रदेश की साहित्य परंपरा को समृद्ध और पुष्पित पल्लवित करने वाली पवित्र भूमि है। यहां साहित्य जगत की तीन महान विभूतियों ने समस्त हिंदी जगत को आलोकित किया। ये त्रयी थे, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानन माधव मुक्तिबोध और डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र। इनमें डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र ने अपने जीवनकाल में साहित्य, समाज, राजनीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया।


डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र

# मानस मर्मज्ञ, प्रसिद्ध साहित्यकार
# डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र

## समृद्ध और संपन्न परिवार में जन्म

मिश्र जी का जन्म 12 सितंबर 1898 को राजनांदगांव में हुआ। पिता दिवंगत नारायण प्रसाद मिश्र मालगुजार और लोक कर्म विभाग के ठेकेदार थे। माता जानकी देवी धर्मपरायण महिला थीं। दादा शिवरतन लाल मिश्र ने भी ठेकेदारी के क्षेत्र में नाम कमाया था, साथ ही रायपुर में भी भव्य इमारतों का निर्माण किया। पिता नारायण प्रसाद मिश्र भी रेलवे और पीडब्ल्यूडी की ठेकेदारी के सिलसिले में राजनांदगांव आकर बस गए थे। मिश्र जी चार भाइयो में तीसरे नंबर के थे। बड़े भाई जगन्नाथ प्रसाद के जन्म के बाद एक भाई की असमय मौत हो गई। इस बालक के मौत की भविष्यवाणी उनकी दादी ने पहले ही कर दी थी। साथ ही ये भी कहा था कि अगली संतान बेटा होगा। दादी की भविष्यवाणी सही हुई और बलदेव प्रसाद का जन्म हुआ। बड़े भाई जगन्नाथ प्रसाद मिश्र आगे चलकर सेशन जज बने। छोटे भाई बलभद्र प्रसाद मिश्र प्रकाशक और पत्रकार बने। छोटे भाई ज्वाला प्रसाद मिश्र बालाघाट कलेक्टर पद से रिटायर हुए। पिता नारायण प्रसाद मिश्र उत्तरप्रदेश के उन्नाव जिले के बहुराजमऊ से राजनांदगांव आए थे। मिश्र जी कान्यकुब्ज परिवार से थे। घर परिवार पर भी लक्ष्मी के साथ माता सरस्वती की कृपा भरपूर बरसी। मिश्र जी का विवाह रामप्यारी देवी से हुआ था जो कि सदैव उनके प्रशस्त कर्मक्षेत्र की अभिन्न सहयोगिनी रही।


पं.शिवरतन लाल मिश्र की गोद में डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्र

## विद्यार्थी जीवन से साहित्य में रुझान



मिश्र जी 1914 में स्थानीय स्टेट हाईस्कूल से प्रवेशिका परीक्षा में पास हुए। 1918 में नागपुर के हिस्लॉप कॉलेज से बीए और एमए नागपुर विश्वविद्यालय के तहत मॉरिस कॉलेज से 1920 में एमए की परीक्षा पास की। 1921 में मिश्र जी ने एलएलबी की परीक्षा पास की। विद्यार्थी जीवन में ही मिश्र जी ने संस्कृत, हिंदी, ड्राइंग और शार्ट हैंड की परीक्षाएं पास की। इसके बाद हिंदी साहित्य के विशारद होकर कविता लेखन शुरू किया।


नीचे की कतार में कुर्सी पर बड़े (दाएं से बाएं) कुमारी उमा वर्मा, गजानन माधव मुक्तिबोध, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, बलदेव प्रसाद मिश्र, डा. द्वारिका प्रसाद मिश्र

### राष्ट्रीय आंदोलन में भागीदारी

1920 में देश में चल रहे राष्ट्रीय आंदोलन का प्रभाव भी मिश्र जी पर पड़ा। ठाकुर प्यारेलाल सिंह के सहयोग से एक राष्ट्रीय माध्यमिक शाला का संचालन भी हुआ। उस दौरान चंदा मिलना मुश्किल हो गया था। ऐसे में मिश्र जी और उनके साथियों ने भागवत सप्ताह पढ़कर पैसा इकट्ठा किया। मारवाड़ी सेवा समाज की स्थापना में मिश्र जी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। 1922 में जब राष्ट्रीय आंदोलन की धार कमजोर हुई तब मिश्र जी का झुकाव समाज सेवा और राजनीति से जुड़ी गतिविधियों में हुआ। पंडित रविशंकर शुक्ल के बुलावे पर मिश्र जी रायपुर आए और वकालत के साथ साथ कांग्रेस के कार्यक्रमों में भी शामिल होने लगे। दस महीनों तक मिश्र जी रायपुर में रहे। एक सप्ताह में ही मिश्र जी ने 'शंकर दिग्विजय' नाटक की रचना की।

## तुलसी दर्शन पर रचा शोध प्रबंध ग्रंथ

1936 में तुलसी दर्शन पर शोध प्रबंध ग्रंथ की रचना कर शिक्षा क्षेत्र की सबसे बड़ी उपाधि पीएचडी प्राप्त की। मिश्र जी ने अपना शोध ग्रंथ हिंदी में पीएचडी.के लिए प्रस्तुत किया था, लेकिन इनके कार्य से प्रभावित होकर डीलिट.की डिग्री दी गई। खास बात ये है कि मिश्र जी ने भारतीय भाषा में शोध प्रबंध लिखकर देने की छूट प्राप्त की थी, जिसका अनुकरण दूसरे विश्वविद्यालयों ने भी किया। 1940 में तबीयत बिगड़ने पर विशिष्ट पेंशन पर अवकाश लेकर रायपुर आ गए और अनेक सार्वजनिक संस्थाओं का संचालन करने लगे।

1942 में सार्वजनिक भाषणों पर प्रतिबंध लगने के बाद मानस प्रवचन के जरिए अपने विचार जनता में पहुंचाए। साहित्यिक यात्रा में मिश्र जी ने 1924 में मौलिक शोध प्रबंध जीव विज्ञान लिखा जिसकी साहित्य जगत में काफी तारीफ हुई। 1928 में प्रकाशित 'जीव विज्ञान' पर पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा था, 'जो विषय आपकी पुस्तक का है, इस विषय की कई पुस्तकें मैं उलट-पुलट चुका हूं, मुझे कांटों और कंकड़ों के सिवा और कुछ नहीं मिला। रत्न, कहीं थे तो वे मेरी नजरों में छिपे रहे। दोष उन ग्रंथों का नहीं, मेरा



पचमढ़ी में तुलसी साहित्य में व्याख्यान देते ।

ही था। आपकी पुस्तक के अवलोकन से मुझे अनेक तत्व रत्नों की प्राप्ति हो गई। आप मेरी कृतज्ञता स्वीकार करें. आप धन्य हैं'। इसके बाद उन्होंने रामचरित से जुड़े तीन उपन्यास कौशल किशोर, साकेत संत और रामराज्य का सृजन किया, जिसमें साकेत संत की भूमिका राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी ने लिखी थी। मिश्र जी के मानस लेखन पर पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने लिखा है कि 'मानस पर बलदेव मिश्र ने लिखकर हिंदी, मानवता के प्रति जो काम किया है, वह सराहनीय है। उतनी ही सरलता के साथ मौलिक रूप को भी उन्होंने अपने गहरे चिंतन, अध्ययन से सुंदर बनाया है। कौशल किशोर के सृजन की तारीफ तो खुद पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने की थी। उन्हें 1934 में प्रकाशित 'कौशल किशोर' के लिए विश्वकवि रविंद्रनाथ टैगोर का आशीर्वाद मिला था। उनकी लेखन शैली और रचनाओं के बारे में आचार्य ललिता प्रसाद शुक्ल ने कहा था, 'खड़ी बोली जो सामान्य तौर पर अपने कड़ेपन के लिए बदनाम सी समझी जाती है, उसमें भी इतनी मृदुता भर देना, उसका यथेष्ट शुद्ध रूप, निर्वाह कर ले जाना, उनके जैसे विद्वानों का काम है'। इसके अलावा शोध प्रबंध भारतीय संस्कृति जिसकी भूमिका सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश भुवनेश्वर प्रसाद सिंह ने लिखी थी। इसके साथ ही मानस में रामकथा, मानस माधुरी, जीवन संगीत, उदात्त संगीत, सहित 80 ग्रंथों की रचना की। मिश्र जी ने बाल कक्षाओं से लेकर एमए तक के पाठ्य ग्रंथों की रचना की। साथ ही विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लेखक और संपादक भी रहे।

### 'छत्तीसगढ़ परिचय'

छत्तीसगढ़ परिचय पुस्तक मिश्र जी की अतुलनीय कृति मानी जाती है। इसे छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के कई दशक पहले ही एक समृद्ध राज्य के तौर पर बलदेव प्रसाद मिश्र जी ने पाठकों के सामने रखा था। करीब 128 पृष्ठों में कुल 25 शीर्षकों को समेटी इस किताब में 24 लोक कथाएं है और पचीसवां लेख इतिहास से संबंधित है। तमाम विविधताओं को अपने में समेटे इस भूभाग के 'इतिहास' की ऐसी रोचक प्रस्तुति, जिसमें उत्तर छत्तीसगढ़ का रामगिरि तो दक्षिण छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा भी शामिल है, अनूठी है। अनूठी इस अर्थ में कि अक्सर छत्तीसगढ़ की बात करते हुए राज्य का उत्तरी हिस्सा, सरगुजा और दक्षिणी हिस्सा, बस्तर पूरी तरह छूट जाता है, अधिकतर मध्य मैदानी छत्तीसगढ़ को ही समग्र मान लिया जाता है। साथ ही स्थानीय मान्यताओं, दंतकथाओं के साथ इतिहास को प्रस्तुत करने की शैली रायबहादुर हीरालाल और लोचन प्रसाद पांडेय की थी, उसी तरह वह यहां भी पूरे सम्मान सहित दर्ज है। साथ ही इसमें किसी सजग इतिहासकार की तरह तथ्यों और विश्वास-मान्यता को स्पष्ट रखा गया है।


रायगढ़ के महाराज राजा चक्रधर सिंह कुर्सी में, बाएं तरफ खड़े हैं डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्र।


पत्नी राम प्यारी देवी के साथ बलदेव प्रसाद मिश्र जी।

### मां सरस्वती के उपासक, लक्ष्मी जी की कृपा

बलदेव प्रसाद मिश्र महान साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जी के परम मित्र थे। आरपी दीक्षित के मुताबिक बख्शी जी ने मिश्र जी को लेकर कहा था कि माता सरस्वती और माता लक्ष्मी की कृपा एक साथ कम ही लोगो को मिलती है। इसका अपवाद मिश्र जी ही हैं, जिन पर लक्ष्मी जी के साथ साथ माता सरस्वती की कृपा बरसती थी।


तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. नेहरू के साथ मिश्र जी।

### जनसेवा के साथ साहित्य सेवा

मिश्र जी का मन वकालत में ज्यादा समय तक रम नहीं पाया और इसी बीच हालात कुछ ऐसे बने कि उन्हें रायगढ़ स्टेट के लिए जज बनकर जाना पड़ा। यहां 1 साल तक न्यायाधीश, 7 साल तक नायब दीवान और 1930 से 1940 तक दस सालों तक दीवान रहे। प्रशासनिक पदों पर काम करते हुए मिश्र जी ने साहित्यिक ग्रंथों की रचना की। इस तरह 18 सालों तक मिश्र जी ने रायगढ़ स्टेट की सेवा की। आने वाले समय में मिश्र जी रायगढ़ और खरसिया, राजनांदगांव नगरपालिका के अध्यक्ष बने। इसके अलावा रायपुर नगरपालिका के ज्येष्ठ उपाध्यक्ष भी रहे। अपने सार्वजनिक जीवन में मिश्र जी भारत सेवक समाज की अखिल भारतीय परिषद के सदस्य और भारत सेवक समाज के मध्यप्रदेश में प्रदेश संयोजक रहे।

## ईमानदार और राजनीति में शुचिता की मिसाल

मिश्र जी खुज्जी विधानसभा से भी विधायक रहे। इस दौरान उन्होंने ईमानदारी की मिसाल गढ़ी। राजनीति के चाणक्य और पूर्व मुख्यमंत्री डीपी मिश्रा के अनुरोध पर उन्होंने खुज्जी से चुनाव लड़ा और विधायक बने। विधायक रहते मिश्र जी ने पूरी तरह पारदर्शिता बरती। बतौर विधायक उनका कार्यकाल बेदाग रहा। उन्होंने राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता के नए आयाम गढ़े। चुनाव खर्च की तय सीमा उस समय 15 हजार थी, जिसमें से मिश्र जी ने 13 हजार 500 रुपए चुनाव में खर्च किए। मिश्र जी दूसरों का दुख-दर्द देखकर परेशान हो जाते थे। एक ग्रामीण महिला ने रोते हुए जब अपनी दर्दभरी कहानी सुनाई तो वे बेहद दुखी हुए और बीमार पड़ गए। कई लोगों ने माना कि वर्तमान राजनीति के लिए मिश्र जी जैसे व्यक्ति मिसफिट थे। तमाम परिस्थितियों के बावजूद मिश्र जी ने अपने ऊपर कोई आंच नहीं आने दी।


1972 में विधान सभा चुनाव परिणाम का दिन, खुज्जी विधान सभा से विजयी हुए मिश्र जी।


बैठे -(बांये से)बड़े पुत्र श्री नर्मदा प्रसाद मिश्र,पत्नी श्रीमती राम प्यारी डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्र, छोटे पुत्र श्री काशी प्रसाद मिश्र। खड़े-(बांये से)पौत्र आशीष,पुत्र वधु श्रीमती पुष्पलता,पुत्री श्रीमती किशोरी देवी,पुत्र वधु श्रीमती कमलोत्मा,पौत्र प्रदीप मिश्र।



### अंतिम समय तक साहित्य में सक्रियता

लगातार अध्ययन और साहित्य सृजन में लगे रहने के कारण मिश्र जी अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे पाए। करीब 35 सालों तक डायबिटीज के मरीज रहे। गिरती सेहत के कारण 1975 में दो-तीन महीने रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती रहे। जहां डॉक्टर मेहता ने उनका इलाज किया। जब डॉक्टर्स ने जवाब दे दिया तो परिवारवाले उन्हें घर ले आए। अपने परिवार के बीच 4 सितंबर 1975 को मिश्र जी इस नश्वर संसार को छोड़कर अनंत यात्रा पर चले गए।

inh न्यूज
शुक्रवार रात 7.55 बजे

### मिश्र जी साहित्य जगत के सूर्य



संस्कारधानी नगरी की माटी के सपूत डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र साहित्य जगत के सूर्य थे। मिश्र जी न केवल तुलसी दर्शन और मानस की रामकथा के लिए जाने जाते हैं, बल्कि जीव विज्ञान और कौशल किशोर जैसी कालजयी कृतियों के माध्यम से भी उन्होंने साहित्य में अमूल्य योगदान दिया।
-डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष,छत्तीसगढ़

### हिंदी साहित्य को संवारा और समृद्ध किया



बलदेव प्रसाद मिश्र हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार और लोक सेवक थे, जिनका जीवन समाज सेवा, साहित्यिक सृजन, और जनकल्याण के प्रति समर्पित था। उन्होंने न केवल हिंदी साहित्य को समृद्ध किया, बल्कि अपने लोकसेवा कार्यों के माध्यम से समाज में जागरूकता और बदलाव लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।
-धरमलाल कौशिक, वरिष्ठ विधायक बीजेपी

### साहित्य के अनछुए पहलुओं को उजागर किया



बलदेव प्रसाद मिश्र छत्तीसगढ़ में एक प्रसिद्ध लोक सेवक, न्यायविद, और साहित्यकार के रूप में ख्याति प्राप्त व्यक्तित्व थे। उन्होंने साहित्य के अनछुए पहलुओं को उजागर किया और लोकसेवा के माध्यम से जनसेवा करते हुए अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। -सुशांत शुक्ल, बीजेपी विधायक, बेलतरा

### ईमानदारी और निष्ठा की मिसाल



मिश्र ने अपने जीवन में ईमानदारी और निष्ठा की मिसाल पेश की। साहित्य जगत में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, और अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने भाषा और संस्कृति को समृद्ध किया। वे न केवल एक उत्कृष्ट साहित्यकार थे, बल्कि छत्तीसगढ़ की माटी से भी गहरा लगाव रखते थे।
-सुनील सोनी, बीजेपी विधायक

### सरस्वती के उपासक थे मिश्र जी



बलदेव प्रसाद मिश्र जी सरस्वती के उपासक थे और ज्ञान के प्रति उनकी गहरी आस्था थी। अध्ययन के प्रति उनकी लगन ने उन्हें एक प्रख्यात साहित्यकार और विद्वान बनाया। वे पत्र-व्यवहार के माध्यम से लोगों से जुड़े रहते थे । उनके पत्रों में उनकी आत्मीयता और विचारशीलता झलकती थी, जिससे लोग उनसे सहज ही प्रभावित हो जाते थे।
-आरपी दीक्षित, मिश्र जी के पोती दामाद

### हिंदी और संस्कृत के प्रकांड विद्वान



मिश्र जी हिंदी साहित्य और संस्कृत के गहरे ज्ञाता थे। उनकी कृतियों ने हिंदी और संस्कृत साहित्य को समृद्ध किया है। उनकी सबसे प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक 'छत्तीसगढ़ के परिचय' है। जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, और सामाजिक पृष्ठभूमि का व्यापक वर्णन करती है। यह पुस्तक न केवल छत्तीसगढ़ के अतीत और वर्तमान को समझने में सहायक है।
-डॉ. सुधीर शर्मा, (एचओडी) हिंदी विभाग, कल्याण पीजी कॉलेज, भिलाई

### राम काव्य पर रचे तीन महाकाव्य



बलदेव प्रसाद मिश्र जी राम काव्य परंपरा के महान कवि थे। रामकाव्य पर उनका ऐसा अप्रतिम योगदान है, जो उन्हें हिंदी साहित्य में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। उन्होंने रामकाव्य पर आधारित तीन महाकाव्यों की रचना की, और वे हिंदी साहित्य के इतिहास में ऐसे अकेले कवि हैं, जिन्होंने तीन महाकाव्य लिखे।
-डॉ शंकर मुनि राय, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग,दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव

### समाज सुधारक और विद्वान लेखक



मिश्र जी अपनी सामाजिक और शैक्षिक योग्यता से लोगों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य किए वे समाज सुधारक, शिक्षाविद् और विद्वान लेखक थे, जिन्होंने शिक्षा के महत्व को समझाते हुए समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाया। उनकी लेखनी ने न केवल साहित्य को समृद्ध किया, बल्कि लोगों को सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति पाने और प्रगति की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।
-डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र, वरिष्ठ इतिहासकार

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com